दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 340 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## बिहार में विधानसभा चुनाव : एनडीए ने किया सीट शेयरिंग का ऐलान

# भाजपा 101, जेडीयू 101 और एलजेपी (आर) 29 सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए ने रविवार को सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं जदयू 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। जबकि चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (एचएएम) को 6 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम को 6 सीटें दी गई हैं। मांझी को गयाजी की टेकारी, अतरी, इमामगंज, बराचट्टी विधानसभा के साथ सासाराम की कुटुंबा और जमुई की सिकंदरा विधानसभा सीट मिली है। उपेंद्र कुशवाहा सासाराम, दिनारा, उजियारपुर, महुआ, बाजपट्टी और मधुबनी से चुनाव लड़ेंगे। सीट शेयरिंग में चिराग की जिद के आगे से पहले 40 सीटों की डिमांड करने वाले जीतन राम मांझी ने 6 सीटें मिलने पर कहा- मैं संतुष्ट हूं।



### भाजपा-जदयू अब बराबर के भाई

2005 से लेकर पिछले विधानसभा चुनाव तक जेडीयू ने हमेशा बीजेपी से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा है। जेडीयू पिछले 4 चुनाव में हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रहता था। 2020 में ही जदयू 115 और बीजेपी 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन 2025 विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर लड़ेंगी। अब दोनों बराबर वाले भाई हो गए हैं।

# स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार 'गलत तरीका' था : पी. चिदंबरम

### बोले-ये केवल इंदिरा गांधी का फैसला नहीं था, उन्होंने इसकी कीमत जान देकर चुकाई

बढ़ता राजस्थान



**कसौली (एजेंसी)।** वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा, 'जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार 'गलत तरीका' था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। हालांकि यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। इसमें आर्मी, पुलिस, 'इंटेलिजेंस और प्रशासनिक अफसर भी शामिल थे।'

ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार बड़ा बयान आया है। इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

चिदंबरम शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली पहुंचे थे। यहां 'खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल' में पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब 'दे विल शूट यू, मैडम' की चर्चा में शामिल हुए। बावेजा के कमेंट- इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के अपने फैसले की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

इस पर चिदंबरम ने कहा कि किसी सैन्य अधिकारी का अपमान किए बिना मैं कहना चाहता हूं कि स्वर्ण मंदिर को वापस पाने का वह गलत तरीका था। कुछ साल बाद हमने बिना सेना के उसे वापस पाने का सही तरीका दिखाया। ब्लू स्टार गलत तरीका था। मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

चिदंबर0म ने बुक की चर्चा के दौरान कहा कि मेरे पंजाब दौरों के दौरान मुझे महसूस हुआ कि खालिस्तान या अलगाव की राजनीतिक मांग अब लगभग खत्म हो चुकी है। आज की मुख्य समस्या आर्थिक है सबसे अधिक अवैध प्रवासी पंजाब से ही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### DGP को हटाने की मांग पर अड़ा परिवार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस वाई पूरन कुमार के सुसाइड केस में रविवार को चंडीगढ़ में महापंचायत हुई. सेक्टर 20 स्थित गुरु रविदास गुरुद्वारे में पूर्व सांसद और लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रमुख राजकुमार सैनी के बयान पर हंगामा हो गया. राजकुमार सैनी ने मंच से कहा कि महर्षि वाल्मीक ब्राह्मण थे. इसके बाद महापंचायत में आए लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया. छठे दिन भी पूरन कुमार के पोस्टमॉर्टम पर सहमति नहीं बन पाई।

### RCA एडहॉक कमेटी में बड़ा बदलाव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव लंबे समय से अटके हुए हैं। सरकार ने शुक्रवार देर रात नया



आदेश जारी कर एडहॉक कमेटी को एक और मौका दिया है। इस बार भी सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को कमेटी का कन्वीनर बनाया गया है। बता दें कि उनके साथ मोहित यादव, आशीष तिवाड़ी, धनंजय सिंह खींवसर और पिंकेश पोरवाल को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह कमेटी तीन महीने के कार्यकाल के लिए बनाई गई है। इसे 27 दिसंबर तक RCA कार्यकारिणी का चुनाव कराना होगा।


## आवश्यकता

प्रदेश के सबसे तेज और विश्वसनीय समाचार पत्र दैनिक बढ़ता राजस्थान को टोंक जिले में सभी तहसील मुख्यालयों पर संवाददाताओं की आवश्यकता है।इच्छुक पत्रकार साथी सम्पर्क करें।

पुरूषोत्तम जोशी
जिला ब्यूरो चीफ
टोंक, राजस्थान
मों. 9783610610


## 'चीन का नुकसान नहीं, मदद करना चाहते'

# रेयर अर्थ मेटल्स को लेकर ड्रैगन से तनाव पर बदले ट्रंप के सुर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और चीन के बीच रेयर अर्थ मेटल को लेकर तनाव दिन-प्रतिदिन और बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के लिए नरम रुख अपनाते हुए अपना सुर बदल लिया है। रविवार को ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को बेहद सम्मानित बताते हुए कहा कि अमेरिका चीन का नुकसान नहीं, बल्कि मदद करना चाहता है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि चीन की चिंता मत करो, सब ठीक हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिनपिंग बेहद सम्मानित राष्ट्रपति हैं जो कि बस एक बुरे दौर से गुजर रहे हैं। वे अपने देश के लिए मंदी नहीं चाहते, और मैं भी नहीं। इसलिए अमेरिका चीन की मदद करना चाहता है, नुकसान नहीं। बता दें कि इस नरम बयान से कुछ ही दिन पहले ट्रंप ने चीन पर शत्रुतापूर्ण और खतरनाक कदम उठाने का आरोप लगाया था। दरअसल, चीन ने हाल ही में रेयर अर्थ मेटल्स और संबंधित तकनीकों के निर्यात पर कड़े नियंत्रण लागू किए हैं।



### चीन ने साफ किया अपना रुख

इस दौरान चीन ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके नए निर्यात नियम प्रतिबंध नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर कुछ तकनीकों को नियंत्रित किया जा रहा है। चीन का दावा है कि मानवीय और नागरिक जरूरतों जैसे चिकित्सा और आपदा राहत के लिए निर्यात की अनुमति दी जाएगी। गौरतलब है कि ये मामला ट्रंप लगातार इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि दुनिया के करीब 70% रेयर अर्थ खनन और 90% प्रोसेसिंग पर चीन का नियंत्रण है।

### चीन ने ट्रंप की धमकियों का दिया था जवाब

ऐसे में चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ट्रंप की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी गलत नीतियों को तुरंत सुधारे और बराबरी के आधार पर बातचीत करे। मंत्रालय ने कहा कि वे टैरिफ युद्ध नहीं चाहते, लेकिन डरते भी नहीं हैं। हालांकि दूसरी ओर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ट्रंप के रुख का बचाव करते हुए चीन के कच्चे माल पर नियंत्रण को राष्ट्रीय आपातकाल बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का मकसद अमेरिका को आत्मनिर्भर बनाना है। वेंस ने कहा कि यह एक नाजुक मोड़ है, लेकिन ट्रंप के पास चीन से कहीं ज्यादा मजबूत कार्ड हैं।

## तीन महीने में आज दूसरी बार जयपुर आ रहे अमित शाह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल सोमवार को जयपुर आ रहे हैं। शाह तीन महीने में दूसरी बार जयपुर आ रहे हैं। इससे पहले अमित



शाह ने 17 जुलाई को जयपुर में सहकार सम्मेलन का उद्घाटन किया था। जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में शाह तीन नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। 6 दिवसीय प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन एक जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम का एक साल पूरा होने के उपलक्ष में छह दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शाह राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपए के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग तथा लगभग 9 हजार 300 करोड़ रुपए से विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। कार्यक्रम में पीएम सूर्यघर योजना के तहत 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ भी करेंगे।

## अफगान विदेश मंत्री ने महिला पत्रकारों पर दी सफाई... प्रेस कॉन्फ्रेंस में आज पहली लाइन में बैठाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत के दौरे पर हैं. वह भारत में लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं लेकिन इन कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को दूर रखने पर विवाद बना हुआ है. इस बीच रविवार को मुत्तकी की एक और प्रेस कॉन्फ्रेस हुई, जिसमें महिला पत्रकारों को बकायदा इनवायट किया गया. इस दौरान महिलाएं प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहली कतार में बैठी नजर आईं.



मुत्तकी ने 10 अक्टूबर को अफगान एबेंसी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें सिर्फ पुरुष पत्रकार ही शामिल हुए थे. महिला पत्रकारों को इससे दूर रखा गया था. इसके बाद से तालिबान सरकार के इस कदम की आलोचना हो रही थी. केंद्र सरकार पर भी मूक दर्शक बने रहने के आरोप लगाए जा रहे थे. महिला पत्रकारों से लेकर विपक्षी नेताओं और महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इसे गलत बताया था। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और इंडियन वीमेन्स प्रेस कॉर्प्स ने इसे महिला पत्रकारों के लिए अत्यंत भेदभावपूर्ण बताया था। इन तमाम आलोचनाओं के बीच अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की टीम ने रविवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इस बार महिला पत्रकारों को भी इनवायट किया।

## इस माह के अंत तक हाड़ौती के जंगलों में सुनाई देगी दहाड़

# नस्ल सुधार लिए राजस्थान आएंगी एमपी-महाराष्ट्र की बाघिनें

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (निसं)।** राजस्थान में टाइगर की नस्ल में सुधार के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से सात टाइगर को शिफ्ट किया जाएगा। इसमें से तीन बाघिन को प्रदेश के चौथे टाइगर रिजर्व रामगढ़ विषधारी में लाया जाएगा। पहले चरण में एक बाघिन मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से वायुसेना हेलीकॉप्टर से लाएगी। उम्मीद है कि अक्टूबर महीने के अंत तक हाड़ौती के जंगलों में दहाड़ सुनाई देगी। रामगढ़ विषधारी के बजाल्या ग्रासलैंड पर वायुसेना की देखरेख में हेलीपैड तैयार किया जा रहा है। यहां बाघिन को कुछ दिन सॉफ्ट एनक्लोजर (अर्ध-सुरक्षित बाड़े) में रखा जाएगा, ताकि वे नए वातावरण के अनुकूल हो सकें। इसके बाद खुले जंगल में छोड़ा जाएगा।

डीएफओ देवेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि नेशनल टाइगर कंजर्वेशन ऑथोरिटी (एनटीसीए) से अनुमति मिल चुकी है। रामगढ़ विषधारी, मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में 5 बाघिन और 2 बाघ लाए जाएंगे। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके लिए अनुमति प्रदान की है।

मध्यप्रदेश के कान्हा, पेंच, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और महाराष्ट्र के तड़ोवा, अंधेरी टाइगर रिजर्व से बाघ-बाघिनों को लाया जाएगा। इनमें से दो बाघिन और दो बाघ को मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किया जाएगा, तीन बाघिनों को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में लाया जाएगा।

### पहले चरण में मध्यप्रदेश से लाई जाएंगी बाघिन, वायुसेना सेना के हेलीकॉप्टर से होगी शिफ्टिंग

पहले चरण में, मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से एक बाघ अक्टूबर के अंत तक लाया जाएगा। लगभग 600 किलोमीटर दूरी होने के कारण टाइगर को वायुसेना के हेलीकॉप्टर से लाया जाएगा। क्योंकि ट्रेंकुलाइज करने के बाद उसका असर 6 घंटे तक रहता है। ऐसे में सड़क मार्ग से लाना संभव नहीं है। वायुसेना की देखरेख में ही वन विभाग द्वारा रामगढ़ में बजाल्या ग्रासलैंड में हेलीपेड तैयार किया जा रहा है। यहां टाइगर को लाने के बाद कुछ दिन सॉफ्ट एनक्लोजर में रखा जाएगा और उसके बाद उन्हें खुले जंगल में छोड़ा जाएगा।



डीएफओ देवेंद्र सिंह भाटी ने बताया- टाइगर को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बाद छह महीने उसकी टेरिटरी सेट करने में लगते हैं। लगातार उसका ध्यान रखा जाता है। ट्रेकिंग टीमें तीन शिफ्ट में काम कर निगरानी करती हैं। एक बाघिन की टेरिटरी सेट होने के बाद दूसरी को लाया जाएगा। डीएफओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि रामगढ़ में जल्द ही हेलीपेड स्थल का वायु सेना के विंग कमांडर निरीक्षण करेंगे और हेलीकॉप्टर उतरने के स्थल को हरी झंडी देंगे। उम्मीद है कि दीपावली से पहले बाघों को लाने की कार्यवाही शुरू हो जाएगी।




## प्रताप वारियर्स, महाराणा किंग्स और चेतक स्टालिन्स ने जीते अपने मैच

### पुनीत, मोहित और प्रांजल को मेन ऑफ द मैच

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर प्रीमियर लीग सीजन-2 के तहत रविवार को खेले गए मैचेस में प्रताप वॉरियर्स ने बागौर रॉयल्स को 5 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रताप वॉरियर्स ने निर्धारित ओवर्स में 170 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बागौर रॉयल्स निर्धारित ओवर्स में 165 ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच पुनीत श्रीमाली रहे।

आयोजन सचिव अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि इक्विटास बैंक के सहयोग से हुए आयोजन में दूसरे मैच में महाराणा किंग्स ने लेक टाइटंस को 9 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच मोहित पंवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धुंआधार 32 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली और 1 विकेट लिया। तीसरे मैच में चेतक स्टालिन्स ने गणगौर वॉरियर्स को 5 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गणगौर वॉरियर्स की टीम 130 रन पर ऑल आउट हो गई। प्रांजल शुक्ला ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी चेतक स्टालिन्स की टीम ने नीलेश देवड़ा के नाबाद अर्धशतक के बदौलत 5 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच प्रांजल शुक्ला रहे। मुख्य अतिथि डेजर्ट पर्ल वेडिंग्स के गजराज सिंह राजावत ने मन ऑफ द मैच को सम्मानित किया।

## उदयपुर के 12 खिलाड़ी खेलेंगे पहली बार थांग था मार्शल आर्ट

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर के 12 खिलाड़ियों का चयन तीसरा राजस्थान स्टेट थांग था चैंपियनशिप 2025 के लिए किया गया है, जो 12 से 13 अक्टूबर तक हिडोंन सिटी, करौली में आयोजित होगी।

उदयपुर थांग था एसोसिएशन के सचिव हरीश कुमार सांवरिया ने बताया कि थांग था मणिपुर का पारंपरिक (ज्तंकपजपवदंस) मार्शल आर्ट है, जो अब पूरे भारत में लोकप्रिय हो रहा है। इस खेल को राजस्थान सरकार ने अपने बजट में शामिल किया है और यह खेल साई (ै।प्), खेलो इंडिया तथा एस.जी.एफ.आई (ैळथ्प्) से मान्यता प्राप्त है।

राजस्थान थांग था एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उदयपुर के पूजा मेघवाल, डिम्पल जैन, साकेत सांवरिया, मनीष सालवी, अभिजय गर्ग, चेतन मेहता, विकास सालवी, शिवांश पालीवाल, महेश सोनवाल, यश गमेती, हेमंत सालवी और दक्ष खनिवाल का चयन किया गया। टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन आगामी नेशनल थांग था चैम्पियनशिप, जो गोवा में आयोजित होगी, के लिए किया जाएगा। खिलाड़ियों के चयन पर खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा सभी के उज्ज्वल प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दी हैं।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष का किया स्वागत, जनजाति क्षेत्र में समस्या निराकरण की मांग



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य शनिवार को माउंट आबू पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने वनाधिकार पट्टों के तहत लंबित कार्रवाई, क्षेत्र में जनजाति वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय एवं छात्रावासों की आवश्यकता, टीएसपी क्षेत्र से बाहर भी विभिन्न कार्यों में अनुसूचित जनजाति वर्ग को वरीयता दिलवाने आदि की जानकारी दी। आयोग अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा क्षेत्र में जनजाति वर्ग से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। सांसद लुम्बाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया, उपखंड अधिकारी डॉ अंशुप्रिया, टीएडी उपायुक्त राजलक्ष्मी गहलोत आदि मौजूद रहे। उधर, आयोग अध्यक्ष ने रविवार को ईएमआरएस दानवाव में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उधर, जनजाति वर्ग के विभिन्न संगठनों ने भी आयोग अध्यक्ष को विभिन्न समस्याएं बताई। जनजाति क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या, विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति, छात्रावास आदि की परिवेदनाएं बताई, जिस पर आयोग अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। संगठनों को जागरूकता के लिए कार्य करते रहने, योजनाओं के प्रचार प्रसार की बात कही।

## बड़नगर में 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक भव्य श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बड़नगर स्थित ज्ञानदास आश्रम में आगामी 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक भव्य श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मंगल चंद गर्ग ने बताया कि मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अतुल रामायणी प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा से होगा, जो ग्राम के शिवालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए ज्ञानदास आश्रम पहुंचेगी, जहाँ कलश का विसर्जन किया जाएगा। समापन दिवस 3 नवंबर को संत समागम एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में वैश्विक शिखर सम्मेलन का समापन

# परस्पर एकता और विश्वास से विश्व में आएगी खुशहाली

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** आबूरोड में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि परस्पर एकता और विश्वास से विश्व में खुशहाली लाई जा सकती है। परिवार हो या समाज या फिर राष्ट्र, खुशहाली व शांति के लिए एकता और विश्वास आवश्यक है। भारतीय संस्कृति की नींव और आधार ही वसुधैव कुटुम्बकम् है।

समापन सत्र में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि बाल्टी पानी से भरी हुई है, उसे आंख ने देखा पर उसे उठाता हाथ है, यह कर्मेन्द्रियों और ज्ञानेन्द्रियों की एकता है। आत्मा का प्रकाश बुद्धि पर पड़ने से सही निर्णय क्षमता मिलती है। प्रधानमंत्री ने भी यही ध्येय दिया है वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। हमने नई लोकसभा में पहला बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया, जिसमें महिलाओं को लोकसभा



व विधानसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने का नियम बनाया। इस दौरान उत्तरप्रदेश में मत्स्य पालन मंत्री डॉ.संजय निषाद, संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका बीके जयंती दीदी, अमूल इंडस्ट्री के चैयरमेन अशोक चौधरी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य, बीके सोनिया ओहल्सन, सांसद लुम्बाराम चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किए।

सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया गया। समाजसेवा व मानव कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर युवा अनस्टॉपेबल के संस्थापक एवं मुख्य प्रेरणा अधिकारी अमिताभ शाह को मानवता के संरक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बीके सरला बहन, बीके पुष्पा दीदी, बीके चंद्रकला, बीके पांडियामणि आदि मौजूद रहे। वहीं, उज्जैन से आए कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुति दी।

# चौबीसा ब्राह्मण समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित, समाज सुधार पर चर्चा

**निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की दिलाई शपथ**



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/सूरौठ (अंशु गुप्ता)।** चौबीसा ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रविवार को सूरौठ कस्बे के जिंदल मैरिज गार्डन में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल शर्मा रहे एवं अध्यक्षता अखंड ब्रह्म शक्ति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने की। इस दौरान अतिथियों ने चौबीसा ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिश्चंद्र शर्मा एवं कार्यकारिणी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष आचार्य त्रिलोकचंद शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम में पधारे सभी ब्राह्मण बंधुओं का भगवान परशुराम का दुपट्टा पहन कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामदयाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा एवं संस्कारों से ही समाज का भला होता है एवं सभी ब्राह्मण बंधु समाज हित में बनाए गए नियमों की पालना करें। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामस्वरूप चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, हिंडौन तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अशोक शर्मा, हिंडौन शहर अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के जिला अध्यक्ष राम पंडा, सूरौठ तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राम सतीश शर्मा जगर, ब्रजकिशोर शर्मा हिंडौन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने एक दूसरे पर कटाक्ष नहीं करने, आपस में बुराइयां न करने, समय पर बच्चों की शादियां करने एवं बढ़ती तलाक की समस्याओं पर रोष जताते हुए समाज सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में अमेरिका से पधारे ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिश्चंद्र शर्मा के भाई वैज्ञानिक ओम प्रकाश शर्मा का भी ब्राह्मण समाज के लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने चौबीसा ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरिश्चंद्र शर्मा, संरक्षक महेश शर्मा, बाबूलाल कटारा, बीडी शर्मा, सभा अध्यक्ष भागीरथ शर्मा, कोषाध्यक्ष नरोत्तम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद शास्त्री, बाबूलाल पाराशर, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, डॉ घनश्याम व्यास, सुरेश चंद्र, लक्ष्मण कुमार, सुरेश चंद्र जोशी, महामंत्री महेश सहारिया, संगठन मंत्री हरिओम शर्मा, ओमप्रकाश टाइगर, मदन मोहन शर्मा, राधा मोहन शर्मा, सतीश महंत, मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवाड़ी, नरेंद्र बाबा, ललित शर्मा, रमेश उपाध्याय ढिंढोरा, टीकाराम शर्मा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में अतिथियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी पदाधिकारीयों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### शिशु वाटिका में महिला शक्ति का हुआ संगम

## पथ संचलन में गूंजा 'शक्ति ही राष्ट्र की पहचान का संदेश, फूलों की वर्षा से हुआ स्वागत



### शक्ति के बिना समाज अधूरा - बाला गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका परिसर में रविवार, 12 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव का भव्य समापन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मंजू धनकड़ रहीं। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। पावटा प्रखंड की दुर्गा वाहिनी और राष्ट्रीय सेविका समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अवसर पर शस्त्र पूजन के पश्चात भव्य पथ संचलन निकाला गया। घोष की ताल पर कदमताल करती स्वयंसेविकाओं ने अनुशासन और शक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं बौद्धिककर्ता बाला गुर्जर, सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी जयपुर प्रांत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश सदैव शक्ति का उपासक रहा है। शक्ति-विहीन व्यक्ति न तो अपने समाज का भला कर सकता है और न ही अपने राष्ट्र का। उन्होंने कहा कि दुर्गा वाहिनी प्रारंभ से ही हिंदू संगठनों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रणी रही है। उन्होंने बल दिया कि संगठित और सामर्थ्यवान भारत ही आने वाले समय में विश्व का नेतृत्व करेगा। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेविकाएं जब शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरीं तो जगह-जगह लोगों ने उन पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पलक्षी मुद्गल, चंचल गुप्ता, काव्या लक्ष्मी टांक, भावना सैन, शीतल पारीक, ईशिका सैन, कृति गौड़, मधु मिश्रा सहित दुर्गा वाहिनी की बड़ी संख्या में स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में कोमल मिश्रा ने सभी अतिथियों और सहभागी बहनों का आभार व्यक्त किया।

## केलवाड़ा में हीरालाल देवपुरा को श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** पूर्व मुख्यमंत्री हीरालाल देवपुरा की जयंती पर रविवार को केलवाड़ा स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।सभा में उपस्थित वक्ताओं ने हीरालाल देवपुरा के राजनीतिक जीवन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि देवपुरा ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और राजस्थान की राजनीति में सादगी, ईमानदारी तथा विकास की पहचान स्थापित की।इस दौरान पूर्व प्रधान सत्यनारायण देवपुरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम असावा, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रियांशु नागौरी, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार शर्मा और राजेश सुथार सहित कई लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने देवपुरा के जीवन को संघर्ष, सेवा और समर्पण की प्रेरणा बताया। सभा के अंत में समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## दीपावली 20 अक्टूबर को मनाए-पं. मुकेश गौतम

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** इस वर्ष दीपावली त्योहार को लेकर संशय बना हुआ है। इसको लेकर यहां चर्चाएं बनी हुई कि दीपावली का त्योहार 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा या 20 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। इस पर भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने दीपावली त्यौहार मनाए जाने को लेकर लोगों में बनी भ्रांतियां को दूर करते हुए लोगों को जानकारी देने के लिए स्पष्ट किया है कि। काशी विद्वत परिषद ने 20 अक्टूबर को दीपावली मनाने का निर्णय ले लिया है। दीपावली का पर्व 21 अक्टूबर को नहीं मनाया जाए। पंडित मुकेश गौतम ने यह भी कहा कि दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर को ही मनाये।

# उदयपुर में स्किनकेयर और मेकअप पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** बिजनेस सर्कल ऑफ इंडिया और शी सर्कल ऑफ इंडिया द्वारा जीबिजेक्स ग्लोबल कॉमर्स काउंसिल के सहयोग से एक प्रेरणादायी स्किनकेयर एवं मेकअप कार्यशाला का अशोका पैलेस में आयोजन किया गया। बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में त्वचा की देखभाल, व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें मेकअप एवं स्किनकेयर इंडस्ट्री में करियर और व्यवसाय के अवसरों से परिचित कराना था, ताकि महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त बनकर अपने सपनों को साकार कर सकें।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जीबिजेक्स ग्लोबल कॉमर्स काउंसिल चेयरवुमन सुश्री निशिता सुरोलिया थी। उन्होंने अपने प्रेरक विचार साझा करते हुए कहा कि इस पहल ने प्रत्येक महिला के जीवन में आत्म-प्रेम और आत्म-मूल्य का भाव जगाया है। अब महिलाएँ अपनी आंतरिक आवाज सुन रही हैं, खुद को रोकने वाली सीमाओं से आगे बढ़ रही हैं और अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में आने की दिशा में अग्रसर हैं।

इस कार्यशाला का प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्किनकेयर विशेषज्ञ और ट्रेनर सुश्री पिंकी अंसारी द्वारा दिया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्किनकेयर, स्वच्छता और ब्यूटी इंडस्ट्री में व्यवसाय शुरू करने के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बिजनेस सर्कल ऑफ इंडिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा कि आज का यह आयोजन नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें गर्व है कि हमने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनानें के लिए एक छोटा सा प्रयास किया है। हमें विश्वास है कि यह पहल महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। कार्यक्रम के समापन पर सुश्री निशिता सुरोलिया ने शी सर्कल ऑफ इंडिया की संस्थापक श्रीमती तारिका भानु प्रताप,मुकेश माधवानी व उनकी पूरी टीम को इस सुंदर एवं सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**केलवाड़ा में थानाधिकारी-व्यापारियों की बैठक में लिया बड़ा फैसला**

# अवैध वसूली पर होगी कार्रवाई, चौकीदार नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** डीजीपी के निर्देशों के बाद केलवाड़ा थाना परिसर में व्यापार मंडल की बैठक हुई। थानाधिकारी विशाल बंजारा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।




**अवैध वसूली पर पुलिस करेगी तुरंत कार्रवाई :** थानाधिकारी विशाल बंजारा ने स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति किसी व्यापारी को धमकाकर अवैध वसूली करता है, तो पुलिस प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**गश्त के लिए बहादुर नियुक्त :** बैठक में बाजार में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगान का भी निर्णय लिया गया। पुलिस प्रशासन नियमित गश्त करेगा, वहीं व्यापार मंडल द्वारा नियुक्त बहादुर भी रात्रि गश्त में सक्रिय रहेगा। व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि वे बहादुर का मासिक मेहनताना समय पर दें।

**थानाधिकारी की व्यापारियों से अपील :** थानाधिकारी ने व्यापारियों से दुकान के बाहर वाहन खड़ा करते समय यातायात जाम का ध्यान रखने को कहा, ताकि आमजन को असुविधा न हो। सड़क मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है, इसलिए दुकान के बाहर पानी डालकर सड़क खराब न करने का भी निवेदन किया गया।इसके अतिरिक्त, कचरा निस्तारण के लिए नियमित रूप से गाड़ी भेजी जाएगी। सभी व्यापारियों से अनुरोध है कि वे कचरा उसी में डालें और प्लास्टिक जलाकर प्रदूषण फैलाने से बचें। बैठक के अंत में व्यापार मंडल प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के समन्वय से ही केलवाड़ा बाजार को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है।

## सूरौठ से 11 सदस्यीय दल पहुँचा शांतिकुंज हरिद्वार, योग शिक्षक बनने हेतु लिया बाबा रामदेव का आशीर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/सूरौठ (अंशु गुप्ता)।** कस्बे से योग शिक्षक बनने के उद्देश्य से 11 सदस्यीय दल शांतिकुंज हरिद्वार पहुँचा, जहाँ सभी ने पतंजलि वेलनेस योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दल ने पतंजलि योगपीठ में चल रहे योग प्रशिक्षण शिविरों में भाग लिया और योग, प्राणायाम, ध्यान, आसन तथा जीवन प्रबंधन की विभिन्न विधाओं पर गहन अध्ययन किया।

बाबा रामदेव ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर तन, मन और आत्मा का संतुलन स्थापित करें। बाबा जी ने बताया कि पतंजलि योगपीठ के माध्यम से आज लाखों लोग निरोग जीवन की ओर अग्रसर हैं और यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर के पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुका है।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

# ब्रह्मपुरी में नकली सरस और कृष्णा घी का भंडाफोड़



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के मार्गदर्शन में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने ब्रह्मपुरी शंकर नगर एवं रामगढ़ मोड़ स्थित अग्रवाल एंड कंपनी के प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर सरस एवं कृष्णा ब्रांड के लेबल लगे नकली घी बरामद किया। प्रारंभिक जांच में संदेह होने पर दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों से पुष्टि करवाई गई। सरस घी के प्रतिनिधि श्री गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और उत्पाद को नकली करार दिया। उन्होंने ब्रह्मपुरी थाना में एफआईआर के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। सरस घी का नमूना स्नस्स् एक्ट के तहत विधिवत रूप से लिया गया। टीम ने मौके से 200 एमएल के 40, एक लीटर के 3 एवं 500 एमएल के 6 कार्टन नकली देशी घी बरामद किया है।

कृष्णा घी के प्रतिनिधि कमल टांक ने व्हाट्सएप के माध्यम से उत्पाद के नकली होने की पुष्टि की। मौके से कृष्णा घी का भी नमूना लिया गया तथा ब्रांड की नकल को देखते हुए शेष स्टॉक को सीज़ कर दिया गया। यह कार्रवाई शनिवार देर रात 1 बजे तक चली। टीम में विनोद कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह, पवन गुप्ता, विशाल मित्तल और नरेश कुमार चेजारा शामिल रहे। सभी सैंपल जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने कहा कि मिलावटखोरी की रोकथाम के लिए विशेष रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। ऐसे व्यापारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

मुख्य सड़क पर रोजाना जाम से जूझता पावटा कस्बा

# अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और लापरवाह प्रशासन ने बिगाड़ी व्यवस्था-जनता बेहाल, शिकायतें अनसुनी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** पावटा कस्बा, जो आसपास के ग्रामीण अंचल का प्रमुख व्यापारिक और प्रशासनिक केंद्र है, इन दिनों भारी यातायात जाम की समस्या से जूझ रहा है। यहां रोजाना सैकड़ों लोग खरीददारी के लिए आते हैं, लेकिन मुख्य बाजार और राजमार्ग पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। वैसे तो पावटा तहसील व उपखंड मुख्यालय दोनों का दर्जा रखता है और कोटपूतली जिला मुख्यालय भी यहां से 20 किलोमीटर दूर पड़ता है, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 48 इस कस्बे के बीचोंबीच से होकर गुजरता है। प्रतिदिन कई मंत्री, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी इस मार्ग से गुजरते हैं, बावजूद इसके व्यवस्था सुधारने की



दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। सबसे गंभीर स्थिति सुभाष चौक की है, जहां दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर तय सीमा से बाहर तक सामान फैलाकर बैठते हैं। यही नहीं, कई व्यापारी अपने वाहन भी दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं। सब्जी विक्रेताओं ने भी फुटपाथ पर ठेलों और रेहडियों से कब्जा जमा रखा है। कई बार राहगीरों से इनकी झड़प तक हो जाती है। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा प्रशासन ने कुछ माह पूर्व बाजार में अतिक्रमण रोकने के लिए सडक़ों के किनारे पीली पट्टी खींची थी, ताकि दुकानदार सीमा का पालन करें। लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात — व्यापारी आज भी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। एनएचआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) द्वारा छोड़ी गई सर्विस लाइन और फुटपाथ तक पर कई व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। कुछ जगहों पर तो पक्के निर्माण तक कर दिए गए हैं। बैंकों और दुकानों के सामने हमेशा वाहन खड़े रहते हैं, जिससे पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बचती। यह समस्या केवल जनता की चिंता नहीं, बल्कि प्रशासनिक बैठकों का भी स्थायी एजेंडा बन चुकी है। प्रागपुरा थाने में सीएलजी (कम्युनिटी लियाजन ग्रुप) बैठकों में यह मुद्दा बार-बार उठाया जाता है, लेकिन हर बार पुलिस और नगरपालिका प्रशासन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालकर बात खत्म कर देते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार तहसीलदार, एसडीएम और यहां तक कि जिला कलेक्टर तक शिकायतें पहुंचाई हैं। परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जनता सवाल पूछ रही है — जब पावटा जैसे मुख्यालय स्तर के कस्बे की यह हालत है, तो छोटे गांवों की व्यवस्था कैसी होगी?

# विजयवर्गीय वैश्य समाज जगतपुरा में पहली बार दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित होगा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। विजयवर्गीय वैश्य समाज, जगतपुरा (जयपुर) द्वारा इस वर्ष पहली बार दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के पोस्टर का विमोचन समाज के वरिष्ठ सदस्य सीताराम विजयवर्गीय पाटोदिया (केकड़ी वाले) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संगम भवन, सेक्टर-26, पानी की टंकी के पास, प्रताप नगर, जयपुर में किया जाएगा।



**कार्यक्रम का क्रम इस प्रकार रहेगा**

दोपहर 3.00 बजे से रंगारंग भजन संध्या

शाम 6.15 बजे सामूहिक गोवर्धन पूजा

शाम 6.30 बजे अन्नकूट पत्तल प्रसादी

समारोह के अध्यक्ष बनवारी लाल विजय (बांदीकुई) हैं, जबकि कार्यक्रम संयोजक राम निरंजन विजय (मालपुरा) रहेंगे।

संपर्क हेतु-रामबाबू भरथला, अभिषेक महंदावस, श्यामलाल टहला, उमाकांत खेड़ा (कल्याणपुर), देवेंद्र (बांदीकुई), अशोक (गुड़ा कटला), सीताराम (केकड़ी), दिनेश (केकड़ी) व दीपक (मुंडिया) से संपर्क किया जा सकता है। समारोह में नि:शुल्क प्रवेश रहेगा और जगतपुरा विजयवर्गीय समाज परिवार सहित आमंत्रित है।

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के काफिले की गाड़ी पलटी, 5 साल का बच्चा और चार पुलिसकर्मी घायल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक के देवली में जयपुर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के काफिले की गाड़ी पलट गई। हाईवे पर सामने अचानक 5 साल का बच्चा आने से ये हादसा हुआ। हादसे में मासूम और चार पुलिसकर्मी घायल हुए है। घटना गोपीपुरा के समीप हुई। सूचना मिलते ही देवली डीएसपी राम सिंह जाट और देवली थाना अधिकारी दौलत राम जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**कोटा से जयपुर जा रहे थे ऊर्जा मंत्री**

डीएसपी राम सिंह जाट ने बताया- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा से देवली होते हुए जयपुर जा रहे थे। टोंक बिजली थाने की गाड़ी हनुमान नगर थाने के पास से काफिले में



शामिल हुई थी। एस्कॉर्ट वाहन में बिजली विभाग का ड्राइवर मनराज गुर्जर, एएसआई मुंशीराम जाट, कॉन्स्टेबल रामदयाल जाट पुत्र कैलाश जाट और कॉन्स्टेबल रामदयाल जाट निवासी गंगाराम जाट सवार थे। यह वाहन ऊर्जा मंत्री की कार के ठीक पीछे था। देवली थाना क्षेत्र के गोपीपुरा के पास हाईवे पर अचानक एस्कॉर्ट वाहन के सामने एक 5 साल का बच्चा हिमांशु धाकड़ आ गया। सामने बच्चा आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बच्चे को चपेट में लेते हुए पलट गई। हादसे में बच्चा और एस्कॉर्ट वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए।

बच्चे और घायलों को पहले देवली उप जिला अस्पताल ले जाया गया। बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे कोटा रेफर किया गया है। घायल पुलिसकर्मियों का यहीं उपचार चल रहा है। सहायक उप निरीक्षक मुंशीराम को दाहिने घुटने, जांघ और कोहनी पर चोटें आई हैं। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद ऊर्जा मंत्री की गाड़ी यहां नहीं रुकी और सीधे जयपुर की तरफ चली गई।

# भारत स्वरोजगार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने संभाली कमान, आत्मनिर्भर भारत का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत स्वरोजगार संघ के नव-नियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने रविवार को अपने पद की विधिवत शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी. स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।स्वामी ने इस मौके पर कहा कि संगठन का लक्ष्य देश के युवाओं को स्वरोजगार से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने आशा जताई कि कपूर सिंह के नेतृत्व में संघ राजस्थान में और अधिक सशक्त रूप से कार्य करेगा। प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि वे संघ के उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध



कराने के लिए नई योजनाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम में संघ के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने किया 14 नवम्बर को दिल्ली कूच करने का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को मनोचिकित्सालय ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित हुई। बैठक में महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राणा, मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा, संरक्षक सियाराम शर्मा, प्रदेश महामंत्री विपिन प्रकाश शर्मा सहित सम्बंध संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष,जिला




मंत्री उपस्थिति रहें। बैठक में राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री प्रेमचंद कर्मचारी महासंघ दिल्ली, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा एवं अवधेश कुमार, हरियाणा कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष ईश्वर सिंह शर्मा एवं सज्जन सिंह आदि अनेक पदाधिकारी ने अपने व्यक्त रखें। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने बताया कि उनकी मांगों में प्रमुख में पुरानी पेंशन सुनिश्चित करते हुए पूरे देश में ओपीएस लागू की जाए तथा देश के सभी कर्मचारियों के लिए स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग गठित किया जाए तथा केंद्रीय योजनाओं में कार्यरत संविदा, निविदा ,आंगनबाड़ी पदों पर कार्यरत सभी को नियमित किया जाए। ऐसी आठ सूत्री मांगों को पूरी करवाने के लिए 14 नवंबर 2025 को रामलीला मैदान में विशाल धरना दिया जाएगा जिसमें भाग लेने के लिए राजस्थान के कर्मचारी दिल्ली कूच करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने कहा कि महासंघ सदैव प्रदेश के नियमित तथा अनियमित कर्मचारियों के हितों के संरक्षण तथा आर्थिक एवं अन्य परिलाभ को दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है। महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह ने एकता में शक्ति को ही कर्मचारी के हित संरक्षण का मूल मंत्र बताया। प्रदेश महामंत्री विपिन प्रकाश शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की 17 सूत्री मांग पत्र में लंबित मांगों में सातवें वेतन आयोग विसंगति दूर किया जाए तथा ओपीएस लागू करने के बाद कर्मचारियों का 51 हजार करोड़ रुपये सरकार को प्रदेश कार्मिकों जीपीजी खाते में जमा कराया जाए, पारदर्शी स्थानांतरण पॉलिसी लागू किया जाए इत्यादि मांगों के मनवाने के लिए 26 दिसंबर 2025 को जयपुर में एक धरना दिया जाएगा।

# दशहरा मेला शांतिपूर्वक संपन्न होने पर भेरुजी की विशेष पूजा की



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रींगस शहर में 2 अक्टूबर को युवा विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित होने वाले दशहरे मेले शांतिपूर्वक संपन्न होने पर आज मंच के सदस्यों ने भैरू बाबा की विशेष पूजा कर प्रसाद लगाया मंच के अध्यक्ष आर्यन पारीक ने बताया कि शहर की अग्रणी संस्थान युवा विकास मंच के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को विशाल दशहरा मेला आयोजित किया गया था। जिसके शांतिपूर्ण समापन पर मंच के सदस्यों ने रविवार को दोपहर 11:15 बजे भेरू जी महाराज के मंदिर में पहुंचे जहां पूर्व कोषाध्यक्ष मामराज गुर्जर एवं गिरधारी ने टीम के सदस्यों की विशेष पूजा करवाई इसके बाद मंच की ओर से बाबा के प्रसाद चढ़ाया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने शहर में सुख शांति के लिए बाबा से कामना कर दरबार में माथा टेका। सचिव विजय कुमावत ने बताया कि मंच द्वारा प्रतिवर्ष बाबा के दरबार में दशहरे मेले से पूर्व नारियल बांधकर बाबा से शांतिपूर्वक मेले की समापन की कामना की जाती है। मेला संपन्न होने के बाद रविवार को बाबा के प्रसाद लगाया जाता है। पुतला निर्माता मनोज जांगिड़ ने बताया कि यह परंपरा युवा विकास मंच के गठन के साथ ही शुरू हो गई थी जो अभी प्रतिवर्ष निभाया जाता है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सतीश जांगिड़, कोषाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा, पूर्व सचिव महावीर जोशी, जयदेव टेलर, कमलकांत जोशी, विशाल सितम का, सौम्य सहित मंच के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय

# ममता की संवेदनहीनता, पीड़ित छात्रा को ही कठघरे में खड़ा कर दिया

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल कालेज की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस तरह पीड़ित छात्रा को ही कठघरे में खड़ा कर दिया, वह आश्चर्यचकित करने के साथ ही उनकी संवेदनहीनता को भी रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि वह लडक़ी रात को साढ़े बारह बजे मेडिकल कालेज परिसर से बाहर कैसे आ गई?

क्या ऐसा करना अनुचित-अपराध है अथवा इसके कारण अपराधियों को कुछ भी करने की छूट मिल जाती है? ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि लड़कियों को रात में बाहर नहीं निकलना चाहिए। ऐसे बयान देकर तो वे अपराधी तत्वों के दुस्साहस को बढ़ाने का ही काम कर रही हैं। यह शर्मनाक है कि जब उन्हें पीडि़त छात्रा और उसके स्वजन के पक्ष में खड़ा दिखना चाहिए, तब वे उन्हें ही कठघरे में खड़ा कर रही हैं।

यह पहली बार नहीं है जब ममता ने बंगाल में कानून एवं व्यवस्था को चुनौती देने वाली किसी घटना पर गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया हो। वे ऐसे बयान देने के लिए ही जानी जाती हैं। कोलकाता के चर्चित पार्क स्ट्रीट सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर उन्होंने उसे मनगढ़ंत बताते हुए यह भी जोड़ा था कि इस वारदात के जरिये राज्य सरकार को बदनाम करने का इरादा था।

यह भी किसी से छिपा नहीं कि पिछले वर्ष कोलकाता के ही आरजी कर मेडिकल कालेज में एक डाक्टर से दुष्कर्म और हत्या की देश को झकझोर देने वाली घटना पर पुलिस और प्रशासन ने किस तरह लीपापोती वाला रवैया अपनाया था। इसके चलते ही देश भर में आक्रोश उपजा और इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंपनी पड़ी।

बंगाल अपनी गिरती हुई कानून एवं व्यवस्था के लिए पहले ही कुख्यात है। चिंताजनक यह है कि बंगाल के शिक्षण संस्थानों में भी दुष्कर्म की घटनाएं घट रही हैं। आरजी कर मेडिकल कालेज की घटना के बाद ला कालेज की एक छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया था और फिर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के परिसर में भी।

इन घटनाओं से बंगाल में महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होना स्वाभाविक हैं। विडंबना यह है कि जब मुख्यमंत्री को इन घटनाओं पर कठोर रवैये का परिचय देना चाहिए, तब वे अगंभीरता दिखा रही हैं। यदि वे कमजोर होती कानून एवं व्यवस्था पर लीपापोती दिखाएंगी तो इससे स्थितियां और खराब ही होंगी।

इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि ममता मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ गृहमंत्री का भी दायित्व संभाले हुए हैं। इस नाते उन्हें और अधिक सजगता का परिचय देना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक महिला होने के बाद भी वे महिलाओं के साथ होने वाले जघन्य अपराधों पर अपने पुरातनपंथी सोच का परिचय दे रही हैं। आज के युग में ऐसे सोच के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 13 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1976 - बोलीविया में बोइंग जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त, करीब 100 मरे।
- 1987 - कोस्टारिका के राष्ट्रपति ऑस्कर आरियास को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला।
- 1999 -कोलम्बिया विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री प्रो. राबर्ट मुंडेल को वर्ष 1999 को नोबेल पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा।
- अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।
- 2000 - दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति किम दाई जुंग को शांति को नोबेल पुरस्कार।
- 2001 - नाइजीरिया में अमेरिका विरोधी प्रदर्शन के दौरान भडक़ी साम्प्रदायिक हिंसा में लगभग 200 व्यक्ति मारे गये।
- 2002 - इंडोनेशिया के बाली नाइट क्लब में हुए भीषण विस्फोट में 200 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए।
- 2003 - डलास में एक साल चिकित्सकीय योजना और 26 घंटे तक चले जटिल आपरेशन के बाद मिस्र के जुड़वां बच्चों के आपस में जुड़े सिर को अलग करने में आपरेशन सफल रहा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए एक भारतीय छात्र का चयन। जर्मनी ने स्वीडन को हराकर पहली बार विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट जीता। पहली बार मानव को लेकर चीनी अंतरिक्ष यान लांग मार्च 2 एफ़ उड़ा। नई दिल्ली में इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन प्रारम्भ।
- 2004 - सऊदी अरब का हर साल एक लाख श्रमिकों की कटौती की घोषणा। चीन ने ताइवान की शांति पहल ठुकराई।
- 2005 - जर्मनी के प्रख्यात नाटककार हेराल्ड पिंटर को वर्ष 2005 के साहित्य का नोबल पुरस्कार देने की घोषणा।
- 2006 - बांग्लादेश के मा. युनुस और उनके द्वारा स्थापित ग्रामीण बैंक को नोबेल पुरस्कार।
- 2008- रायबरेली में रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना के लिए दी गई ज़मीन के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यथास्थिति बनाये रखने के आदेश दिए।
- 2011- दफ़्तरों में इस्तेमाल होने वाले हिंदी के कठिन शब्दों की जगह उर्दू, फ़ारसी, सामान्य हिंदी और अंग्रेज़ी के शब्दों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की सचिव वीणा उपाध्याय ने इस सिलसिले में सभी मंत्रालयों और विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
- 2012 - पाकिस्तान के दारा अदम में आत्मघाती हमले में 15 लोगों की मौत।
- 2013 - मध्य प्रदेश के दतिया जिले में भगदड़ से 109 लोगों की मौत।

## विशेष आलेख

# स्क्रीन के साए में खोता बचपन परिवार की भूमिका


प्रो. आरके जैन



आज का युग तकनीक का युग है, जिसने बच्चों के जीवन को अभूतपूर्व गति और संभावनाओं से भर दिया है। स्मार्टफोन की चमक, टैबलेट की सहजता और इंटरनेट की असीम दुनिया ने ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, लेकिन साथ ही एक ऐसी छाया भी डाली है, जो बच्चों के बचपन को धीरे-धीरे लील रही है। तकनीकी लत अब महज आदत नहीं, बल्कि एक गंभीर चुनौती बन चुकी है, जो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास को गहराई से प्रभावित कर रही है। यह लत उन्हें स्क्रीन की आभासी दुनिया में कैद कर रही है, जहाँ वास्तविक जीवन की रंगत, रिश्तों की गर्माहट और प्रकृति का स्पर्श धीरे-धीरे विलुप्त हो रहा है। माता-पिता और समाज के लिए यह समझना अनिवार्य है कि यह लत क्यों गहरा रही है और इसे नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम कैसे उठाए जाएँ।

तकनीकी लत का सबसे गहरा असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। लगातार स्क्रीन टाइम से चिंता, अवसाद और अकेलेपन की भावना बढ़ रही है। मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता बच्चों की एकाग्रता, रचनात्मकता और आत्म-नियंत्रण को क्षीण करती है। सोशल मीडिया और गेमिंग ऐप्स डोपामाइन के स्तर को प्रभावित करते हैं, जिससे बच्चों में त्वरित संतुष्टि की लालसा बढ़ती है, जो धीरे-धीरे उनके धैर्य और संयम को कमजोर करती है। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका प्रभाव गंभीर है। लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से दृष्टि दोष, नींद की अनियमितता और मोटापा जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। एक अध्ययन के अनुसार, 8 से 18 वर्ष के बच्चे औसतन 7-8 घंटे प्रतिदिन स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे उनकी शारीरिक गतिविधियाँ और स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

सामाजिक स्तर पर, तकनीक बच्चों को उनके परिवार और दोस्तों से काट रही है। पहले जहाँ बच्चे खेल के मैदानों में हँसी-खेल के साथ सामाजिक बंधन बनाते थे, अब वे अपने कमरों में स्क्रीन के साथ अकेले कैद हैं। यह सामाजिक अलगाव उनकी सहानुभूति, संवाद कौशल और भावनात्मक जुड़ाव को कमजोर कर रहा है। सोशल मीडिया पर प्रदर्शित अवास्तविक छवियाँ और तुलनात्मक संस्कृति बच्चों में आत्मविश्वास की कमी और हीनभावना को जन्म दे रही है, खासकर किशोरावस्था में, जब वे अपनी पहचान तलाश रहे होते हैं। यह दबाव उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है, जिसे अनदेखा करना खतरनाक हो सकता है। इस चुनौती का समाधान परिवार और समाज के सहयोग से ही संभव है। तकनीक को पूरी तरह नकारना या बच्चों से छीन लेना व्यावहारिक नहीं है। इसके बजाय, माता-पिता को तकनीक के सकारात्मक और रचनात्मक उपयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। उदाहरण के लिए, डुओलिंगो, खान अकादमी या कोडिंग गेम्स जैसे वैज्ञानिक और शैक्षिक टूल बच्चों की रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ा सकते हैं। माता-पिता को बच्चों के डिजिटल व्यवहार की निगरानी से ज्यादा, उन्हें तकनीक का जिम्मेदार और संतुलित उपयोग सिखाने पर ध्यान देना चाहिए। परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय, बाहरी गतिविधियों को प्रोत्साहन और खुला संवाद इस लत को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। तकनीक को बच्चों का शत्रु नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली साधन बनाया जा सकता है, जो उनकी शिक्षा, रचनात्मकता और विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाए, बशर्ते इसका उपयोग संतुलित और जागरूक तरीके से हो। आज के डिजिटल युग में तकनीकी लत से निपटने के लिए पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर सजग और रचनात्मक प्रयासों की आवश्यकता है। परिवार बच्चों को इस लत से बचाने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। माता-पिता को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण, तकनीक-मुक्त समय बिताने की आदत विकसित करनी चाहिए। यह समय खेलकूद, कहानी साझा करने, बागवानी, खाना पकाने या बोर्ड गेम्स जैसे रचनात्मक कार्यों में व्यतीत हो सकता है। उदाहरण के लिए, सप्ताह में एक "टेक-फ्री डे" निर्धारित करना, जहाँ परिवार एकजुट होकर प्रकृति या सामूहिक गतिविधियों का आनंद ले, बच्चों की स्क्रीन पर निर्भरता को स्वाभाविक रूप से कम कर सकता है। शोध दर्शाते हैं कि भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ परिवार बच्चों में डिजिटल उपकरणों की लत को कम करता है, क्योंकि वे परिवार के साथ समय को अधिक मूल्यवान समझने लगते हैं। इसके साथ ही, सामुदायिक गतिविधियाँ जैसे खेल क्लब, नाट्य मंडलियाँ, या पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम बच्चों को सामाजिक और रचनात्मक रूप से सक्रिय रखते हैं, जिससे तकनीक की ओर उनका झुकाव कम होता है। तकनीकी लत से निपटने का एक अनिवार्य पहलू है बच्चों में आत्म-नियंत्रण और समय प्रबंधन की कला सिखाना। माता-पिता को बच्चों को प्राथमिकताएँ तय करने और डिजिटल उपकरणों का सीमित, उद्देश्यपूर्ण उपयोग सिखाना चाहिए। छोटे-छोटे कदम, जैसे रात के खाने के समय फोन बंद रखना या सोने से पहले एक स्क्रीन-फ्री घंटा, बच्चों में संतुलित आदतें विकसित कर सकते हैं। लेकिन यह तभी प्रभावी होगा, जब माता-पिता स्वयं अनुशासित व्यवहार का उदाहरण पेश करें। यदि माता-पिता दिनभर स्क्रीन से चिपके रहते हैं, तो बच्चे भी वही आदत अपनाएँगे।

# 'नफरत पर मानवता की विजय - नोबेल शांति पुरस्कार 2025'


सुनील कुमार महला

*राजनीतिक जीवन और संघर्ष की बात करें तो वे वेनेजुएला में लोकतंत्र-सपोर्टर और विपक्ष की प्रमुख नेता हैं। उन्होंने 2002 में सुमाते नामक नागरिक समूह की सह-स्थापना की, जो चुनाव की निगरानी और मताधिकार की रक्षा करने के लिए काम करती थी।*

हाल ही में वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार 58 वर्षीय मारिया कोरिना मचाडो (वेनेजुएला) को दिया गया है। पाठकों को बताता चलूं कि मारिया कोरिना मचाडो वेनेजुएला की एक प्रमुख राजनीतिक नेता, इंजीनियर और मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं।उन्हें 'लोकतंत्र की लौ जलाए रखने वाली महिला' और 'विरोधी एकजुटकर्ता' कहा गया है। उन्होंने वर्षों से अपने देश में तानाशाही शासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन चलाया है। वेनेजुएला में लोकतंत्र, मानवाधिकार और शांति की स्थापना के लिए (अहिंसक संघर्ष के लिए) उन्हें यह पुरस्कार दिया गया है।मचाडो को नोबेल दिया जाना वास्तव में बहुत ही सुखद व स्वागत योग्य है। गौरतलब है कि वेनेजुएला में एक लंबे समय से तानाशाही शासन था,मचाडो ने इस तानाशाही शासन के विरोध में लोकतंत्र बहाली का अभियान चलाया। दरअसल, उन्होंने महिलाओं और युवाओं को राजनीतिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इतना ही नहीं उन्होंने मानवाधिकार हनन, मीडिया दमन और चुनावी धांधली के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार अपनी आवाज उठाई। उन्हें कई बार गिरफ्तार और धमकाया गया, लेकिन उन्होंने अहिंसा और जनशक्ति के बल पर अपने संघर्ष को जारी रखा।उन्हें राजनीतिक उत्पीडऩ तक का सामना करना पड़ा, तथा उन्हें संसद से बरखास्त किया गया और उन्हें चुनाव लडऩे से रोक दिया गया।नोबेल समिति ने उनके बारे में यह बात कही है कि -'मारिया कोरिना मचाडो ने साहस, नैतिक दृढ़ता और अहिंसक संघर्ष के माध्यम से वेनेजुएला में स्वतंत्रता और लोकतंत्र की लौ जलाए रखी।' बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पुरस्कार लैटिन अमेरिका में लोकतंत्र के लिए लडऩे वालों के लिए एक प्रेरणा है। मचाडो ने यह दिखाया कि शांति और परिवर्तन के लिए हिंसा नहीं, बल्कि साहस और सत्य की आवश्यकता होती है। मचाडो सदैव शांति और लोकतंत्र के पक्ष में समर्पित रहीं हैं। यदि हम यहां पर उनके प्रारंभिक जीवन और शिक्षा की बात करें तो मारिया कोरिना मचाडो का जन्म 7 अक्टूबर 1967 को वेनेजुएला में हुआ था। उन्होंने एंड्रेस बेलो कैथोलिक यूनिवर्सिटी से औद्योगिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और बाद में वित्त विषय में स्नातकोत्तर किया। उनके राजनीतिक जीवन और संघर्ष की बात करें तो वे वेनेजुएला में लोकतंत्र-सपोर्टर और विपक्ष की प्रमुख नेता हैं। उन्होंने 2002 में सुमाते नामक नागरिक समूह की सह-स्थापना की, जो चुनाव की निगरानी और मताधिकार की रक्षा करने के लिए काम करती थी। 2013 में उन्होंने वेंटे वेनेजुएला नामक राजनीतिक दल की स्थापना की और इसका नेशनल समन्वयक बनीं। 2011-2015 के बीच वह वेनेजुएला की नेशनल असेंबली (संसद) की सदस्य भी थीं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2023 की विपक्षी प्राथमिक चुनावों में उन्होंने स्पष्ट बहुमत से जीत हासिल की, लेकिन 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें प्रत्याशी बनने से रोका गया।जब उन्हें चुनाव लडऩे से रोका गया, उन्होंने एडमंडो गोंजालेज उरुतिया का समर्थन किया, जो बाद में राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान


अशोक कुमार
अभिनेता

अशोक कुमार का जन्म कुमुदलाल गांगुली के रूप में भागलपुर , बंगाल प्रेसीडेंसी , ब्रिटिश भारत (वर्तमान बिहार , भारत) में एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता कुंजलाल गांगुली एक वकील थे जबकि उनकी मां गौरी देवी एक गृहिणी थीं। कुमुदलाल चार बच्चों में सबसे बड़ी थीं। उनकी इकलौती बहन, सती देवी, जो उनसे कुछ साल छोटी थीं, की शादी बहुत कम उम्र में शशधर मुखर्जी से हुई थी और वह एक बड़े फिल्मी परिवार की मुखिया बन गईं। इसके बाद उनके भाई कल्याण थे, जो उनसे 16 साल छोटे (जन्म 1927) थे, जिन्होंने बाद में स्क्रीन नाम अनूप कुमार रख लिया। सबसे छोटे आभास ( जन्म 1929 ) थे , जिनका स्क्रीन नाम किशोर कुमार था किशोरावस्था में ही और फिल्मों में करियर के बारे में सोचने से बहुत पहले ही, युवा कुमुदलाल की शादी शोभा (अभिनेत्री छाया देवी की चचेरी बहन ) से हुई, जो उनके अपने बंगाली ब्राह्मण समुदाय और समान पारिवारिक पृष्ठभूमि की लडक़ी थी, यह शादी उनके माता-पिता द्वारा सामान्य भारतीय तरीके से तय की गई थी। उनका आजीवन विवाह सामंजस्यपूर्ण और पारंपरिक रहा और उनके फिल्मी करियर के बावजूद, दंपति ने एक बहुत ही मध्यमवर्गीय दृष्टिकोण और मूल्य प्रणाली को बनाए रखा, और अपने बच्चों को एक साधारण घर में पारंपरिक मूल्यों के साथ पाला। वे एक बेटे, अरूप गांगुली और भारती पटेल, रूपा वर्मा और प्रीति गांगुली नाम की तीन बेटियों के माता-पिता थे । अरूप कुमार गांगुली ने केवल एक फिल्म में काम किया, बेजुबान (1962) में एक नायक के रूप में दिखाई दिए, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई सबसे छोटी बेटी, प्रीति गांगुली ने 1970 और 1980 के दशक के दौरान कई हिंदी फिल्मों में हास्य कलाकार के रूप में काम किया और 2012 में अविवाहित ही उनकी मृत्यु हो गई।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# बेबी के लिए कर रहे हैं प्लास्टिक से बनी चीजों का इस्तेमाल तो जान लें इसके साइड-इफेक्ट्स, जानें बचाव के उपाय

आजकल ज्यादातर माता-पिता अपने नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए प्लास्टिक की बोतलें, खिलौने और बर्तन इस्तेमाल करते हैं। ये चीजें सस्ती और आसानी से मिल जाती हैं, इसलिए हर घर में आम हो गई हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये प्लास्टिक धीरे-धीरे बच्चे और मां की सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है? इसके कारण कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्लास्टिक में मौजूद कुछ केमिकल्स बच्चे के शरीर में जाकर उसकी सेहत पर असर डालते हैं। इसलिए जरूरी कि माता-पिता प्लास्टिक की जगह सुरक्षित और प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करें, ताकि बच्चा भी सुरक्षित रहे और मां भी स्वस्थ रहे।

**बच्चों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान**

बाजार में मिलने वाले ज्यादातर बेबी प्रोडक्ट्स, जैसे बोतलें, खिलौने, कंटेनर या वाइप्स प्लास्टिक से बने होते हैं। जब इन्हें बार-बार गर्म किया जाता है या लंबे समय तक इस्तेमाल किया जाता है, तो इनमें से बीपीए और फ्थेलेट्स जैसे हानिकारक केमिकल्स निकलते हैं। ये केमिकल्स बच्चे के दूध, खाने या त्वचा के संपर्क में आकर शरीर में चले जाते हैं, जिससे बच्चे के हार्मोन बिगड़ सकते हैं, पाचन और इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है और लंबे समय में सेहत पर असर पड़ सकता है। सिर्फ बच्चे ही नहीं, मांओं के लिए भी यह नुकसानदायक है क्योंकि वे रोजाना इन चीजों का इस्तेमाल करती हैं, जिससे थोड़ी मात्रा में केमिकल शरीर में जा सकता है।छोटे बच्चों की देखभाल के लिए सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प गिलास या स्टील की बोतल इस्तेमाल करें प्लास्टिक बोतलों की जगह गिलास या स्टेनलेस स्टील की बोतलें इस्तेमाल करें। ये ज़्यादा सुरक्षित होती हैं और आसानी से साफ की जा सकती हैं। लकड़ी या कपड़े के खिलौने दें प्लास्टिक खिलौनों की जगह कपड़े या लकड़ी के खिलौने चुनें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपको किसी योजना में अपेक्षा से अधिक धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथियों से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप किसी मकान की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपको बेवजह का तनाव बना रहेगा। आप संतान के करियर को लेकर अपने जीवनसाथी से सलाह मशवरा कर सकते हैं।

**कर्क**
आज आपको व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत करनी होगी। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर पूरी ईमानदारी दिखानी होगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी हो सकती है।

**कन्या**
व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आपको काम थोड़ा सोच समझकर करने होंगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए कुछ नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी को लेकर परेशान थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ कुछ आनंदमय पल व्यतीत करेंगे। पेट से संबंधित कोई समस्या आपको परेशानियां दे सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कुछ पुराने लोगों से मुलाकात होगी। आपके कामों से आपकी एक नई पहचान मिलेगी। बिजनेस में आपका कोई प्रोजेक्ट लंबे समय से रुका हुआ था।

**मकर**
आज आपको भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपके प्रतिद्वंदी भी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों से सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। आप अपने संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे।

## भारत स्वरोजगार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने संभाली कमान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत स्वरोजगार संघ के नव-नियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने रविवार को अपने पद की विधिवत शपथ ग्रहण की।

शपथ ग्रहण समारोह में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी. स्वामी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।स्वामी ने इस मौके पर कहा कि संगठन का लक्ष्य देश के युवाओं को स्वरोजगार से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने आशा जताई कि कपूर सिंह के नेतृत्व में संघ राजस्थान में और अधिक सशक्त रूप से कार्य करेगा।

प्रांतीय अध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि वे संघ के उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए नई योजनाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम में संघ के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही 84 किलो मिल्क केक व 60 किलो मावा को किया नष्ट



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा डॉ0 टी शुभमंगला के निर्देशन में दीपावली के त्योहार को देखते हुए जिला जिला कलक्टर टोंक के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए दिनांक 04/10/2025 से निरन्तर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है।

डॉ0 शैलेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर अजमेर से उनियारा जा रही बस का टोंक से पीछा करते हुए उनियारा बस स्टैंड पर व्यापारी द्वारा माल उतारने पर व्यापारी से पूछताछ करने पर बस स्टैंड के पास में स्थित साहू टी स्टॉल एंड स्वीट का मिल्क केक लगभग 84 किलो तथा सुशील नमकीन भंडार का लगभग 60 किलो मावा होना बताया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा उक्त माल को अपने जाब्ते में लेकर दोनों प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया साथ ही मिल्क केक व मावा का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया।

उक्त मिल्क केक व मावा प्रथम दृष्टया मिलावटी दिखाई देने पर नष्ट करवाया गया। साथ ही दोनों प्रतिष्ठान मालिकों को एफएसए एक्ट के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया।

## ऊर्जा मंत्री नागर के काफिले की गाड़ी पलटी, 5 साल का बच्चा और चार पुलिसकर्मी घायल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक के देवली में जयपुर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के काफिले की गाड़ी पलट गई। हाईवे पर सामने अचानक 5 साल का बच्चा आने से ये हादसा हुआ। हादसे में मासूम और चार पुलिसकर्मी घायल हुए है। घटना गोपीपुरा के समीप हुई। सूचना मिलते ही देवली डीएसपी राम सिंह जाट और देवली थाना अधिकारी दौलत राम जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डीएसपी राम सिंह जाट ने बताया-ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कोटा से देवली होते हुए जयपुर जा रहे थे। टोंक बिजली थाने की गाड़ी हनुमान नगर थाने के पास से काफिले में शामिल हुई थी। एस्कॉर्ट वाहन में बिजली विभाग का ड्राइवर मनराज गुर्जर, एएसआई मुंशीराम जाट, कॉन्स्टेबल रामदयाल जाट पुत्र कैलाश जाट और कॉन्स्टेबल रामदयाल जाट निवासी गंगाराम जाट सवार थे। यह वाहन ऊर्जा मंत्री की कार के ठीक पीछे था। देवली थाना क्षेत्र के गोपीपुरा के पास हाईवे पर अचानक एस्कॉर्ट वाहन के सामने एक 5 साल का बच्चा हिमांशु धाकड़ आ गया। सामने बच्चा आने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और बच्चे को चपेट में लेते हुए पलट गई। हादसे में बच्चा और एस्कॉर्ट वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए। बच्चे और घायलों को पहले देवली उप जिला अस्पताल ले जाया गया। बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे कोटा रेफर किया गया है। घायल पुलिसकर्मियों का यहीं उपचार चल रहा है। सहायक उप निरीक्षक मुंशीराम को दाहिने घुटने, जांघ और कोहनी पर चोटें आई हैं।

घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद ऊर्जा मंत्री की गाड़ी यहां नहीं रुकी और सीधे जयपुर की तरफ चली गई।

## बेटी के जन्म पर मनाया उत्सव, दूल्हन सा सजाया घर... बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रींगस सिमारला जागीर गांव में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए मंगल गीत और फूलों की बारिश कर लाडो का गृह प्रवेश करवाया गया लोग बेटी के जन्म का जश्न मनाने के लिए उन्हें बधाई दें रहें हैं इस दौरान पूरे घर को दुल्हन की तरह सजाया गया रिश्तेदारों ने दंपति और बेटी की आरती कर स्वागत किया सिमारला जागीर सरपंच कौशल्या देवी यादव ने बहू के बेटी होने पर जोरदार जश्न की तैयारी की उन्होंने बेटी को गर्भ में मारने व सडक़ किनारे छोड़ देने वालो के खिलाफ एक नजीर पेश की है दादा पूर्व सरपंच सरदार सिंह यादव ने बताया कि बेटियां किसी पर बोझ नहीं होती है लक्ष्मी स्वरुप बेटी का सभी को समान करना चाहिए सडदादी संजना देवी बुआ अंजली और तमन्ना सहित परिजनों ने भव्य स्वागत कर बेटी को घर में प्रवेश कराया इस अवसर पर बिटिया को जन्मघूटी पिलाने के लिए चार पिढियो साथ रही संज्या देवी सडदादी संजना देवी परदादी गोढी देवी बडी दादी इन्दा देवी छोटी दादी कौशल्या देवी दादी सीता देवी मां पिता रोहित कुमार यादव ने बिटिया का नाम लोगाचन्दण रखा इस दौरान कालूराम भगवान सहाय हरिनारायण छिगन लाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक जिला अध्यक्ष चयन को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस संगठन सर्जन कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त टोंक जिला के पर्यवेक्षक , झारखंड से विधायक व विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप सोमवार दिनांक 13 अक्टूबर 2025 सोमवार को प्रातः 10:00 जिला कांग्रेस कमेटी टोंक कार्यालय पर टोंक शहर एवं देहात ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेस जनो की बैठक लेंगे ।जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक राजेश कश्यप के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक समेत समस्त कांग्रेसी भाग लेंगे।

**दीपावली की सफाई**

# खाली प्लॉट बने कचरे के ढेर, नगर परिषद बेखबर

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर(नि.स.)।** यूं तो हर दिन सफाई की आड़ में हर घर के पास खाली प्लॉट कचरे का ढेर में तब्दील हो रहे हैं लेकिन इन दिनों दीपावली की सफाई पर खाली प्लॉटों पर कचरे के देर इस प्रकार लगे हुए हैं कि नगर परिषद शायद इससे बेखबर है। जहां तक बात नगर परिषद की है उसने इस प्रकार के खाली प्लाटों के मामले में कभी भी अपने स्तर पर कार्रवाई नहीं की कुछ जागरूक लोगों की वजह से एकाध जगह अवश्य नगर परिषद में इन कचरे के ढेरों को साफ करवाया है लेकिन चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। आप अपने खाली प्लॉट में कचरा फेंकने वाले पड़ोसियों की शिकायत स्थानीय नगर निगम या नगर पालिका में कर सकते हैं। हर शहर में सफाई और अवैध कचरा फेंकने से निपटने के लिए हेल्पलाइन पोर्टल या ऐप मौजूद होते हैं। आपके खाली प्लॉट पर कूड़ा फेंकते हैं पड़ोसी तो इसकी शिकायत संबंधित नगर परिषद में कर सकते हैं।

कई बार आप अपने दोस्त चुन सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं चुन सकते हैं. ऐसे में जब पड़ोसी बदतमीज या लापरवाह निकल जाए तो समस्याएं और बढ़ जाती हैं. वहीं कुछ पड़ोसियों की आदत होती है, अपने घर के आसपास कचरा फेंकने की. पड़ोसियों को कचरा फेंकते देख आसपास के लोग भी आपके खाली प्लॉट या जमीन पर कूड़ा डालने लगते हैं ? वहीं अक्सर लड़ाई झगड़ों के डर से आस-पड़ोस के लोग चुप रह जाते हैं, लेकिन इससे परेशानियां और बढ़ जाती है। अगर आपके प्लॉट में भी पड़ोसी कचरा फेंकते हैं, तो सबसे पहले आप उन्हें शांति से समझाने की कोशिश करें. अगर बार-बार समझाने के बावजूद पड़ोसी नहीं मानते और वहीं रवैया रखते हैं तो इसके बाद आप सख्त कदम उठा सकते हैं. आप अपने खाली प्लॉट में कचरा फेंकने वाले पड़ोसियों की शिकायत स्थानीय नगर निगम या नगर पालिका में कर सकते हैं. दरअसल हर शहर में सफाई और अवैध कचरा फेंकने से निपटने के लिए हेल्पलाइन पोर्टल या ऐप मौजूद होते हैं. इन हेल्पलाइन पोर्टल और ऐप के माध्यम से आप नगर पालिका में शिकायत कर सकते हैं. शिकायत करने के बाद अधिकारी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेते हैं और फिर पड़ोसियों पर कार्रवाई कर सकते हैं ।

### शिकायत के बाद भी न मानें तो पुलिस को करें सूचित

कई बार कचरा फेंकने से जुड़ी समस्या सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं रहती है. ऐसी समस्याओं को लेकर लगातार झगड़ा हो सकते हैं। ऐसे मामले में आप नजदीकी थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। वहीं थाने में शिकायत करने के बाद भी अगर समाधान नहीं मिलता तो आप अपने एरिया के एसडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत कर सकते हैं। शिकायत करने के बाद अगर आपके आरोप सही साबित होते हैं तो आपके पड़ोसियों को 6 महीने तक की जेल हो सकती है।

## अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और लापरवाह प्रशासन ने बिगाड़ी व्यवस्था : जनता बेहाल

बढ़ता राजस्थान




**पावटा (नि.स.)।** पावटा कस्बा, जो आसपास के ग्रामीण अंचल का प्रमुख व्यापारिक और प्रशासनिक केंद्र है, इन दिनों भारी यातायात जाम की समस्या से जूझ रहा है। यहां रोजाना सैकड़ों लोग खरीददारी के लिए आते हैं, लेकिन मुख्य बाजार और राजमार्ग पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। वैसे तो पावटा तहसील व उपखंड मुख्यालय दोनों का दर्जा रखता है और कोटपूतली जिला मुख्यालय भी यहां से 20 किलोमीटर दूर पड़ता है, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 48 इस कस्बे के बीचोंबीच से होकर गुजरता है। प्रतिदिन कई मंत्री, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी इस मार्ग से गुजरते हैं, बावजूद इसके व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। सबसे गंभीर स्थिति सुभाष चौक की है, जहां दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर तय सीमा से बाहर तक सामान फैलाकर बैठते हैं। यही नहीं, कई व्यापारी अपने वाहन भी दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं। सब्जी विक्रेताओं ने भी फुटपाथ पर ठेलों और रेहडियों से कब्जा जमा रखा है।

कई बार राहगीरों से इनकी झड़प तक हो जाती है। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा प्रशासन ने कुछ माह पूर्व बाजार में अतिक्रमण रोकने के लिए सडक़ों के किनारे पीली पट्टी खींची थी, ताकि दुकानदार सीमा का पालन करें। लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात — व्यापारी आज भी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। एनएचआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) द्वारा छोड़ी गई सर्विस लाइन और फुटपाथ तक पर कई व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। कुछ जगहों पर तो पक्के निर्माण तक कर दिए गए हैं। बैंकों और दुकानों के सामने हमेशा वाहन खड़े रहते हैं, जिससे पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बचती। यह समस्या केवल जनता की चिंता नहीं, बल्कि प्रशासनिक बैठकों का भी स्थायी एजेंडा बन चुकी है। प्रागपुरा थाने में सीएलजी (कम्युनिटी लियाजन ग्रुप) बैठकों में यह मुद्दा बार-बार उठाया जाता है, लेकिन हर बार पुलिस और नगरपालिका प्रशासन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालकर बात खत्म कर देते हैं।

## दशहरा मेला शांतिपूर्वक संपन्न होने पर भेरुजी की विशेष पूजा की

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** रींगस शहर में 2 अक्टूबर को युवा विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित होने वाले दशहरे मेले शांतिपूर्वक संपन्न होने पर आज मंच के सदस्यों ने भैरू बाबा की विशेष पूजा कर प्रसाद लगाया मंच के अध्यक्ष आर्यन पारीक ने बताया कि शहर की अग्रणी संस्थान युवा विकास मंच के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को विशाल दशहरा मेला आयोजित किया गया था। जिसके शांतिपूर्ण समापन पर मंच के सदस्यों ने रविवार को दोपहर 11:15 बजे भेरू जी महाराज के मंदिर में पहुंचे जहां पूर्व कोषाध्यक्ष मामराज गुर्जर एवं गिरधारी ने टीम के सदस्यों की विशेष पूजा करवाई इसके बाद मंच की ओर से बाबा के प्रसाद चढ़ाया गया।

इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने शहर में सुख शांति के लिए बाबा से कामना कर दरबार में माथा टेका। सचिव विजय कुमावत ने बताया कि मंच द्वारा प्रतिवर्ष बाबा के दरबार में दशहरे मेले से पूर्व नारियल बांधकर बाबा से शांतिपूर्वक मेले की समापन की कामना की जाती है।

मेला संपन्न होने के बाद रविवार को बाबा के प्रसाद लगाया जाता है। पुतला निर्माता मनोज जांगिड़ ने बताया कि यह परंपरा युवा विकास मंच के गठन के साथ ही शुरू हो गई थी जो अभी प्रतिवर्ष निभाया जाता है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सतीश जांगिड़, कोषाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा, पूर्व सचिव महावीर जोशी, जयदेव टेलर, कमलकांत जोशी, विशाल सितम का, सौम्य सहित मंच के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## विजयवर्गीय वैश्य समाज जगतपुरा में पहली बार दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विजयवर्गीय वैश्य समाज, जगतपुरा (जयपुर) द्वारा इस वर्ष पहली बार दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के पोस्टर का विमोचन समाज के वरिष्ठ सदस्य सीताराम विजयवर्गीय पाटोदिया (केकड़ी वाले) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संगम भवन, सेक्टर-26, पानी की टंकी के पास, प्रताप नगर, जयपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का क्रम इस प्रकार रहेगा- दोपहर 3.00 बजे से रंगारंग भजन संध्या, शाम 6.15 बजे सामूहिक गोवर्धन पूजा शाम 6.30 बजे अन्नकूट पत्तल प्रसादी समारोह के अध्यक्ष बनवारी लाल विजय (बांदीकुई) हैं, जबकि कार्यक्रम संयोजक राम निरंजन विजय (मालपुरा) रहेंगे। संपर्क हेतु-रामबाबू भरथला, अभिषेक महंदावस, श्यामलाल टहला, उमाकांत खेड़ा (कल्याणपुर), देवेंद्र (बांदीकुई), अशोक (गुड़ा कटला), सीताराम (केकड़ी), दिनेश (केकड़ी) व दीपक (मुंडिया) से संपर्क किया जा सकता है। समारोह में निःशुल्क प्रवेश रहेगा और जगतपुरा विजयवर्गीय समाज परिवार सहित आमंत्रित है।

## अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने किया 14 नवम्बर को दिल्ली कूच करने का ऐलान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को मनोचिकित्सालय ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित हुई। बैठक में महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राणा, मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा, संरक्षक सियाराम शर्मा, प्रदेश महामंत्री विपिन प्रकाश शर्मा सहित सम्बंध संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष,जिला मंत्री उपस्थिति रहें। बैठक में राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री प्रेमचंद कर्मचारी महासंघ दिल्ली, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा एवं अवधेश कुमार, हरियाणा कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष ईश्वर सिंह शर्मा एवं सज्जन सिंह आदि अनेक पदाधिकारी ने अपने व्यक्त रखें। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने बताया कि उनकी मांगों में प्रमुख में पुरानी पेंशन सुनिश्चित करते हुए पूरे देश में ओपीएस लागू की जाए तथा देश के सभी कर्मचारियों के लिए स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग गठित किया जाए तथा केंद्रीय योजनाओं में कार्यरत संविदा, निविदा,आंगनबाड़ी पदों पर कार्यरत सभी को नियमित किया जाए। ऐसी आठ सूत्री मांगों को पूरी करवाने के लिए 14 नवंबर 2025 को रामलीला मैदान में विशाल धरना दिया जाएगा।

**सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश सहित हुए उपस्थित**

# आरएसएस के पथ संचलन में दिखी देशभक्ति और अनुशासन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अन्तर्गत रविवार को निकाले गए पथ संचलन में अनुशासन एवं देशभक्ति का आकर्षक प्रदर्शन हुआ। राउमावि के खेल प्रागंण में मालपुरा शहर सहित सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश व अपने शस्त्र सहित उपस्थित हुए। परम्परा के अनुसार ध्वज वन्दना के बाद शस्त्र पूजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद महावीर सोनी लाम्बाहरिसिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्ष 1925 में संघ की स्थापना हुई थी।

संघ स्थापना के समय हिन्दु समाज की परिस्थितियां भिन्न थी। उस समय हिन्दुओ को अपने आपको हिन्दु कहलाने पर भी शर्म सी महसूस होती थी। संघ की स्थापना के साथ ही हिन्दु समाज संगठित होने लगा। आज स्थिति यह है कि सो साल की अवधि में संघ पूरे देश ही नहीं अपितू समचे संसार वटवृक्ष के समान खड़ा दिखाई दे रहा है। संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष में संघ पांच क्षेत्र स्व का बोध, कुटुंब प्रबन्धन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण के लिए कार्य कर रहा है। जिसके लिए सभी स्वयंसेवको को भी प्रण लेकर ये पांच कार्यो को पूर्ण करना होगा। अंत में खंड संघ प्रहलाद शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। पथ संचलन में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवको को तिलक लगाकर संचलन के लिए रवाना किया। संघ के खंड सम्पर्क प्रमुख बंटी काबरा ने बताया कि संचलन राउमावि के खेल मैदान में जयघोष की ताल पर कदम ताल मिलाकर रवाना हुआ। संचलन व्यास सर्किल, डाक बंगला, संजय मार्के, बस स्टेण्ड, महावीर मार्ग, नवीन मंडी, गांधी पार्क, पुराना अस्पताल रोड, माणक चोक, आजाद चोक, खवास जी का कटला, ज्योति मार्केट, गांधी पार्क, रैती मौहल्ला, टोडा रोड, डेयरी तिराहे से होकर महेश सेवा सदन होते हुए विजयवर्गीय सेवा सदन पहुंच कर विसर्जित हुआ।

**जलदाय मंत्री सहित अन्य ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवको का किया अभिनन्दन-** पथ संचलन के विजयवर्गीय सेवा पहुंचने पर प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित भाजपा उद्योग प्रकोष्ट के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या सहित मोजुद अन्य प्रबुद्धजनो ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवको का अभिनन्दन किया। विजयवर्गीय सेवा सदन में विजयवर्गीय समाज मालपुरा की स्थानीय सभा अध्यक्ष रामअवतार कापड़ी के नेतृत्व में मौजुद समाजबंधुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवको का अभिन्दन किया।

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकला संचलन

रविवार को आरएसएस के पथ संचलन को देखते शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी एवं चाक चोबन्द की गई। संचलन के मार्ग में अनेक स्थानो पर पुलिस व आरएसी के जवान तैनात रहे। संचलन के आगे पीछे थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा के नेतृत्व में सुरक्षा जवान चले। विजयवर्गीय सेवा सदन में वृताधिकारी आशिष प्रजापत, तहसीलदार पवन मातवा, नायब तहसीलदार व कार्यवाहक ईओ हंसराज जाट सहित भारी संख्या में शहरवासी, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व शहरवासी मौजूद रहे।

# कमला मीणा व आशा सैनी का हेमर थ्रो प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर हुआ चयन




बढ़ता राजस्थान

**रैणी (अलवर)।** 69 वीं जिला स्तरीय छात्रा ऐथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता - 2025 मे राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रैणी ने 17-19 वर्षीय प्रतियोगिता में छात्राओ ने 5 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल, 2- ब्रॉज मेडल प्राप्त किये। 17 वर्षीय प्रतियोगिता में रेणुका सैन ने 3 किलोमीटर वॉक में, कमला मीना ने हेमर थ्रो में, संजना बैरवा ने 400 मीटर हैंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किये। मोनिका सैनी ने भाला फेंक, कमला मीना 400 मीटर हैंडल, आशा सैनी ने हेमर थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किये। 19 वर्षीय छात्रा प्रतियोगिता में कशिश ने 3 किलोमीटर वॉक मे, निहारिका ने भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल प्राप्त किये। गोलमा ने हेमर थ्रो में, पिस्ता ने 3 किलोमीटर वॉक में हितीय स्थान स्थान प्राप्त प्राप्त कर कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं विद्यालय की छात्रा करिना योगी ने तस्तरी फेंक और गोला फेंक में तृतीय स्थान प्रप्त कर दो ब्रॉज मेडल प्राप्त किये तथा विद्यालय की बालिका कमला मीना का हेमर थ्रो मे तथा आशा सैनी का हेमर थ्रो में राज्य स्तर पर चयन किया गया है।

# अशोक चांदना के जन्मदिन पर अजमेर दरगाह में चादर पेश, युवाओं में उत्साह



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव मकसूद अहमद और शब्बीर खान के नेतृत्व में चादर पेश की गई। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में युवाओं ने उनके जन्मदिन को उत्साह और जोश के साथ एक त्योहार के रूप में मनाया। कार्यक्रम के संयोजक, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पार्षद शफीक मंसूरी तथा गजनफर अली ने बताया कि चांदना का जन्मदिन हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। मकसूद अहमद ने बताया कि जयपुर से चादर लेकर अजमेर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ख्वाजा साहब की दरगाह पर यह चादर पेश की। उन्होंने कहा कि अशोक चांदना का जन्मदिन पूरे राजस्थान में एक पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसमें युवा कार्यकर्ता बढ़-चढक़र हिस्सा लेते हैं। चांदना के नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए युवाओं में उनके प्रति गहरा सम्मान है। दरगाह के खादिम अजमत हुसैन चिश्ती ने जियारत कराई और अशोक चांदना की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सफलता के लिए विशेष दुआ की।

# गायत्री परिवार द्वारा अंबेडकर नगर, अलवर में साप्ताहिक यज्ञ और जप शुरू



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अनास्था के इस दौर में आस्तिकता संवर्धन हेतु जन जागरण के उद्देश्य से आज दिनांक 12 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे अंबेडकर नगर अलवर के श्व ब्लॉक स्थित सिद्ध कामेश्वर महादेव मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ और जप कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रविवार प्रातः 8 से 9 बजे तक अखंड गायत्री जप का कार्यक्रम तथा 9 बजे से 10,30 बजे तक एक कुण्डी गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक श्री हरीश सैनी जी अध्यापक ने बताया कि यह यज्ञ और जप का कार्यक्रम साप्ताहिक रूप से हर रविवार को इसी समय पर अनवरत चलता रहेगा।

कार्यक्रम में यज्ञ और मंत्र लेखन के माध्यम से घर घर सद्विचार फैलाने का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में गायत्री परिजन मुरारीलाल शर्मा, चौधरी चरणसिंह, मोहनलाल शर्मा, अमित वशिष्ठ ,हरीश सैनी, संदीप शर्मा ( सूर्य नगर ),कुमारी जया श्रुति( सूर्य नगर ) की सराहनीय उपस्थिति रही।

# 'सहकार सदस्यता अभियान' से राज्य में मजबूत हो रहा सहकारिता का नेटवर्क

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राज्य में सहकारिता के नेटवर्क को और अधिक व्यापक बनाने में 'सहकार सदस्यता अभियान' महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत एक ओर जहां ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में तीव्र गति से नवीन पैक्स का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सहकारी समितियों की सदस्य संख्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। राज्य में जमीनी स्तर पर पर सहकारिता का नेटवर्क मजबूत होने से अधिक लोगों तक सुचारू रूप से जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई नवीन 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति' एवं 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना के अंतर्गत देश में सहकारिता का दायरा अधिक विस्तृत किये जाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया है। राजस्थान इस मामले में देश में अग्रणी भूमिका में है। वर्तमान में राज्य में लगभग 8,700 पैक्स का विशाल नेटवर्क मौजूद है। साथ ही, राज्य की पैक्सविहीन समस्त ग्राम पंचायतों में पैक्स गठन की कार्यवाही तेज गति से जारी है।

'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत अब तक पैक्सविहीन 1,520 ग्राम पंचायतों में सर्वे की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। इस दौरान 1,067 पैक्स हेतु जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की जा चुकी है जबकि पैक्स गठन हेतु 1060 प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हो चुके हैं। राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पैक्सविहीन समस्त ग्राम पंचायतों में आगामी दो वर्ष में पैक्स गठन का प्रावधान किया गया था। लेकिन 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत पूरी क्षमता से प्रयास कर इस लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से पूर्व ही प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सातवें दिन हुए भ्रमण, चर्चा सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम

# राजस्थान ट्रैकिंग कैंप में कैडेट्स ने दिखाया उत्साह और अनुशासन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजस्थान ट्रैकिंग कैंप में रविवार को सातवें दिन कैडेट्स ने जोश और उत्साह के साथ विभिन्न शैक्षणिक व साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। एकलव्य मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश बैरवा व मीडिया प्रभारी सोनल जडेजा ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स में साहस, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास रहा प्रातःकालीन सत्र में ग्रुप अल्फा और ब्रावो के कैडेट्स ने पाण्डुपोल का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने स्थल के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। भ्रमण के दौरान ट्रेनिंग ऑफिसर जे.सी.ओ. सुशील कुमार, कैंप एडजुटेंट कैप्टन जितेन्द्र सिंह शेखावत, ए.एन.ओ. सृष्टि जैन, हवलदार अशोक कुमार सहित अन्य पी.आई. स्टाफ सदस्य साथ रहे वहीं ग्रुप चार्ली ने भैरवनाथ मंदिर का भ्रमण कर धार्मिक आस्था और अनुशासन का परिचय दिया, जबकि ग्रुप डेल्टा ने भानगढ़ किले का भ्रमण किया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर कर्नल एस.जी.एस. शेखर



ने भी कैडेट्स के साथ भ्रमण किया और उनसे संवाद करते हुए उनके अनुभव सुने। उन्होंने सभी कैडेट्स को ट्रैक कैप और टी-शर्ट स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की तथा स्टाफ सदस्यों को भी ट्रैक कैप भेंट की दोपहर में आयोजित सामूहिक चर्चा सत्र में कैडेट्स ने दिनभर के अनुभव साझा किए और ट्रैकिंग के दौरान सीखी गई शिक्षाओं पर विचार-विमर्श किया। इस सत्र ने उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व और सामूहिक भावना को और मजबूत किया सांयकालीन सत्र में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ग्रुप कमांडर कर्नल एस.जी.एस. शेखर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सी.टी.ओ. सपना ने किया। कैडेट्स ने गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ट्रैकिंग कैंप न केवल शारीरिक क्षमता का विकास करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों को भी सुदृढ़ करते हैं दिनभर की गतिविधियों ने कैडेट्स में अनुशासन, सहयोग, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को और सशक्त किया इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल राहुल शर्मा डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण यादव कैंप एडजुटेंट कैप्टन जितेन्द्र सिंह शेखावत ग्रुप कमांडर कर्नल एस.जी.एस. शेखर आदि मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपियों के नंगे पाव निकाला जुलूस



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में करण मल्होत्रा हत्याकांड के 4 आरोपियों को गिरफ्तार करके पुलिस ने उनका जुलूस निकाला। पुलिस ने आरोपियों को फटे कपड़ों में नंगे पांव सडक़ पर चलाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिनमें से कई ने अपने मोबाइल से इस घटना का वीडियो भी बना लिया। आरोपियों ने 9 अक्टूबर की रात को करण मल्होत्रा (24) पर लाठी-डंडे और साइकिल की रिम से हमला कर हत्या कर दी। हमले में युवक के भाई का भी हाथ टूट गया। पुलिस ने अजरूदिन (28) और मुनफेद (26) को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया, जबकि अली मोहम्मद (25) और शाहिद उर्फ सांडा (28) को आज गिरफ्तार किया है।

पुलिस अब बाकी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। बख्तल की चौकी पर करण मल्होत्रा हत्या मामले में शनिवार सुबह माहौल तनावपूर्ण हो गया था। अस्पताल में इक_ा हुए परिवार केलोगों ने हंगामा किया था। दोपहर बाद समझाइश पर धरना खत्म कर दिया गया। एमआईए थानाधिकारी मोहन कुमार ने बताया- 9 अक्टूबर को चिंटू अपनी पत्नी और बच्चों के साथ स्कॉर्पियो से घर लौट रहा था। बख्तल की चौकी पर बैंक के पास ढाबा चलाने वाला कमला कॉलोनी निवासी मुनफेद खान, अपने साथी दीनू, साहिल उर्फ सांडा, अगरू, इरफान, आशु, यूसुफ, साहिल, हाकम समेत करीब 10 लोगों के साथ घात लगाए बैठा था। आरोपियों ने लाठी-डंडों से गाड़ी में तोडफ़ोड़ की और हमला कर दिया। चिंटू ने अपने चचेरे भाई करण को फोन करके बुलाया, जिसके बाद करण, अमित और अंगद मौके पर पहुंचे। थानाधिकारी ने बताया- बीच बचाव करने के दौरान अली और मुनफेद ने साइकिल की रिम से करण के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। चिंटू पर लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिससे उसका एक हाथ फ्रैक्चर हो गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत गृह विज्ञान विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप पाठ्यचर्चा, क्रेडिट ढांचे व प्रयोगात्मक परीक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान का जीवन में महत्व पर चर्चा में प्राचार्य डॉ. के. एल. मीना ने कहा कि गृह विज्ञान मानव जीवन को सफल बनाने में वैज्ञानिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। विद्यार्थी इस विषय में स्नातक करने के बाद अन्य क्षेत्रों में पढ़ाई कर स्व-रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। गृह विज्ञान कि विभागाध्यक्ष डॉ. अंशिका ने गृह विज्ञान के व्यापक क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में पोषण एवं संतुलित आहार विज्ञान, मानव संसाधन, बालविकास, वस्त्र विज्ञान, फैशन डिजाइनिंग तथा आधुनिक गृह सज्जा पर यह विज्ञान फोकस कर नये सुव्यवस्थित रूप में खुद को प्रकट किया है। रसायन शास्त्र विभाग के प्रोफेसर अशोक कुमार काकोडिया ने बताया कि विद्यार्थी इस विषय मे गहन अध्ययन कर अपना स्वयं का युटूब चैनल बनाकर धन अर्जित कर सकते है। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. पी. एम. मीना ने छात्राओं को विषय से संबंधित जागरूक करते हुए बताया कि भोजन जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, फिर भी यह मिलावट से तेजी से प्रभावित हो रहा है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो रहे हैं। खाद्य मिलावट रसायनों या बाहरी पदार्थों को मिलाकर खाद्य गुणवत्ता से समझौता करने का कार्य एक बड़ी चिंता का विषय बन गया है। इस कार्यशाला में प्रो.पी. सी. मीना एवं प्रो. देशराज वर्मा ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर प्रयोगशाला सहायक पूर्णमल मीना, प्रताप सिंह एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## बाजार में पटरी पर सामान बेचने वाले बच्चों और महिलाओं को बांटे उपहार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दिपावली पर पटरी पर और घूमते हुए सामान बेचने वाले बच्चों और महिलाओं को उपहार दिए गए जिससे घंटाघर पर एक बार हैपी दिपावली के घोष से वातावरण गूंज उठा। नेक कमाई फाउंडेशन के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि संरक्षक दौलत राम हजरती ने एक बच्ची को सूट देकर इस अभियान की शुरूआत की। इसके तहत बच्चों और महिलाओं को चश्में, शॉल, साडियां, सूट, मिठाई, बिस्कुट, पानी की बोतल, हाथ में पहनने के ज्वैलरी वाले कड़े, गर्म टोपी सहित कपड़े वितरित किए। जब यह उपहार बांटे जा रहे थे तो यहां काफी संखया में बच्चों ने हैपी दिवाली के नारे लगाए। कार्यक्रम में नेक कमाई के महिला स्वावलंबन कार्यक्रम की प्रोजेकट डायरकेटर बिंदू कपूर, इवेंट हैड रेखा महलावत, युवा प्रकोष्ठ संयोजक निष्ठा नारंग, सहित कंचन तनेजा, गंगा वाधवा, पल्लवी सपड़ा, उमेश दुआ, मानवेन्द्र सिंह, उगंती मीणा और अर्चना सिंह थे। घरों तक जाएंगे मिठाई देने- नेक कमाई के इस अभियान के तहत दीपावली तक बहुत से जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर उन्हें मिठाइयां और उपहार देंगे।

# आगम की बहुआयामी व्याख्या पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अर्थप्रकाश कार्यशाला सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** श्री साधुमार्गी शान्त क्रान्ति जैन श्रावक संघ, जयपुर एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर की जैन दर्शन विद्या शाखा एवं प्राकृत अध्ययन-अनुसंधान केन्द्र के संयुक्त तत्त्वावधान में आगम की बहुआयामी व्याख्या-पद्धति एवं अर्थ-प्रकाश कार्यशाला विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठि आयोजित की गई। जयपुर ,संघ संरक्षक प्रदीप गुगलिया जी ने बताया की यह संगोष्ठी हुक्मगच्छाधिपति, नानेश पट्टधर, शांत क्रांति संघ अधिनायक परम् पूज्य 1008 आचार्य श्री विजयराज जी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में 10 ,11, 12 अक्टूबर को नवकार भवन ,जयपुर में गई। आयोजन सचिव डॉ. रोहित कुमार जैन ने बताया इस सांगोष्टी मे आगम में वर्णित गजसुकमाल प्रसंग पर विभिन्न दृष्टियों से विमर्श किया गया। इस संगोष्टी में विभिन्न विद्वानों ने आगम के गूढ़ और बहुआयामी अर्थों को आधुनिक दृष्टिकोण से न केवल समझाया अपितु परंपरागत व्याख्या पद्धति को समकालीन संदर्भों में बताने का प्रयास किया। इस सांगोष्टी मे घटना या व्रतांत के पीछे छिपे सन्देश को कैसे समझा जाए उस हेतु अर्थप्रकाश कार्यशाला में विभिन्न दृष्टिकोण की व्याख्या की गई। संगोष्टि में विभिन्न भाषा वैज्ञानिकों द्वारा आगमो के अर्थ को समझने की दृष्टियों की विस्तृत व्याख्या की। साथ ही पूर्णिमा विश्वविधालय के विद्यार्थीयो द्वारा जैन आगम के गूढ़ विषयो को कैनवास पर दृश्यात्मक अभिव्यक्ति की गई। सगोष्टी का समारोप सत्र दिनांक 12 अक्टूबर को नवकार भवन में आयोजित किया गया। जिसमें संघ के अध्यक्ष महेश दस्साणि द्वारा संघ की गौरवशाली परम्परा को बताते हुए सांगोष्टी में पधारे विद्धवान ,आयोजक एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद व्यक्त किया गया।

### अलवर में आयोजित भामाशाह विप्र गौरव सम्मान समारोह में वन राज्य मंत्री ने की शिरक

# समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक उत्थान में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका- वन राज्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर जिला ब्राह्मण महासभा द्वारा ब्राह्मण छात्रावास में आयोजित भामाशाह एवं विप्र गौरव सम्मान समारोह 2025 में शिरकत कर भामाशाह एवं समाज के उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 101 लोगों को सम्मानित किया। शर्मा ने समाज सेवा, शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्रा में समाज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक उत्थान में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने समाज के उत्थान के लिए भामाशाहों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए भामाशाहों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बालकों की शिक्षा के साथ ही बालिकाओं की



शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर सामाजिक उत्तरदायित्व में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।वन राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में प्रदेश में प्रारम्भ किए गए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विगत वर्ष साढे सात करोड़ पौधे लगाकर फोटो सहित माई भारत पोर्टल पर अपलोड किए गए तथा इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को अर्जित करते हुए प्रदेश में करीब साढे ग्यारह करोड़ पौधे लगाकर हरियालो राजस्थान ऐप पर फोटो सहित अपलोड किए गए हैं।

उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करें। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में कमरे के निर्माण कार्य की नींव रखी।

# खनन माफियाओं के रसूख के आगे राजस्व विभाग नतमस्तक


निंबाहेड़ा में अवैध खनन और निर्माण पर प्रशासन मौन, माफियाओं के हौसले बुलंद



**बढ़ता राजस्थान**

**निम्बाहेडा (प्रकाश खत्री)।** जिले के निम्बाहेड़ा उपखंड क्षेत्र में इन दिनों खनन माफिया हो या भूमाफिया , दोनों ही जम कर बवाल काट रहे है। अभी हाल ही में उपखंड क्षेत्र के शोभावली गाँव मे और पूरे क्षेत्र में खनन माफियाओं ने जम कर अवैध खनन कर बेशकीमती मिट्टी बेचने का काम कर रहे है। इस पर यह कि इस अवैध मिट्टी के खरीददार अपने रसूख के दम पर इस मामले को दबाने में लगे हुए है। मामले की जानकारी जब खनन विभाग को दी गई तो , अधिकारियों का अजीबोगरीब तर्क था को कोई लिखित शिकायत नही है। ऐसे में सम्भवतः यही लग रहा है कि खनिज विभाग पर भी इन माफियाओं के दबदबा कायम है। वही मामले की जानकारी जब राजस्व विभाग को दी गई ,लेकिन करीब दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी विभाग के कान पर जू तक नही रेंगी। ऐसे में यहाँ भी खनन माफियाओं के दबदबा कायम है। अवैध खनन होने से पर्यावरण का तो नुकसान हो ही रहा है साथ ही प्रदुषण भी बढ़ रहा है इस मामले को लेकर दैनिक बढ़ता राजस्थान ने 17सितम्बर को खबर का प्रकाशन किया था उसके बावजूद प्रशासन ने इन खनन माफियाओ पर कोई कार्यवाही नहीं की ऐसा लगता है की मानो माफियाओ की पहुंच बहुत ऊपर

**इनका कहना**

मैंने तो भराव डलवाया है , रॉयल्टी नही दी।
**ललित,सोनी**

मामले की जानकारी मिली है, मामले की जाँच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएंगी।
**घनश्याम झरवार**
**तहसीलदार निम्बाहेड़ा**

शोभावली गाँव मेरी पंचायत मे नहीं आता वह गाँव तो मरजीवी पंचायत आता है।
**बाबु लाल, सरपंच डला किशनपुरा**

# बूंदी से बकानी तक 6 घंटे की सेवा यात्रा, शाइन इंडिया फाउंडेशन ने कराये दो नेत्रदान

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा/बूंदी/बकानी, कोटा (विनोद गौड़)।** शाइन इंडिया फाउंडेशन के प्रयासों से शनिवार देर रात को मानवता की मिसाल



पेश करते हुए छह घंटे में दो नेत्रदान संपन्न किए गए। पहले बूंदी में विकास नगर निवासी स्व. राजेंद्र कुमार छाजेड़ का नेत्रदान डॉ. कुलवंत गौड़ ने संपन्न किया। सूचना मिलते ही संस्था के ज्योति मित्र इदरीस बोहरा ने टीम को सक्रिय किया। इसी दौरान बकानी कस्बे से महेंद्र भंडारी ने अपने बड़े भाई स्व. हरीश कुमार भंडारी (सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी अधिकारी) के नेत्रदान की इच्छा जताई। पांचों भाइयों की सहमति के बाद डॉ. गौड़ तत्काल बूंदी से 200 किलोमीटर दूर बकानी पहुंचे और रात 2 बजे नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। इस तरह, मात्र 6 घंटे में 365 किलोमीटर की भागदौड़ कर फाउंडेशन ने दो नेत्रदान संपन्न कराए। उम्मीद है कि इन अमूल्य नेत्रों से चार दृष्टिहीनों की आंखों में उजाला लौटेगा।

# होटल में छात्रा का शव मिलने का मामला, पुलिस जांच तेज

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा (विनोद गौड़)।** होटल में स्कूली छात्रा का लटका हुआ शव



मिलने के मामले में नया सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बारां जिले के केलवाड़ा इलाके के इस फुटेज में छात्रा ऑटो से उतरकर एक दुकान में जाती नजर आ रही है। पुलिस अब इसी वीडियो के आधार पर संदिग्धों की तलाश कर रही है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। कई घंटे की समझाइश के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। इससे पहले परिजनों और ग्रामीणों ने मोर्चरी के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया और दुष्कर्म व हत्या की आशंका जताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। होटल संचालक की लापरवाही भी सामने आई है। जांच अधिकारी शरीफ मोहम्मद ने बताया कि होटल में सीसीटीवी कैमरा खराब पड़ा था, और कर्मचारी ने समय पर दरवाजा नहीं खटखटाया। पुलिस ने कमरे को सीज कर वीडियोग्राफी करवाई। दरवाजा बाहर से दीवार तोडक़र खोला गया और छात्रा का शव नीचे उतारा गया। नयापुरा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# कोटा राउंड टेबल 281 का सेवा अभियान

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा (का.स.)।** कोटा राउंड टेबल 281 ने समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए आरटीआई किचन पहल के तहत फ़ूड डोनेशन अभियान का सफल आयोजन किया। इस अभियान के दौरान कोटा के रविवार को 350 फ़ूड पैकेट वितरित एमबीएस हॉस्पिटल परिसर में किया गया। कोटा राउंड टेबल के अध्यक्ष सिद्धार्थ पौद्दार ने बताया कि इस अभियान के तहत हर दिन अलग-अलग स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया गया। सचिव श्रेष्ठ अग्रवाल ने बताया कि यह वितरण एमबीएस अस्पताल, न्यू मेडिकल कॉलेज,मूक बधिर विद्यालय, गोदावरी धाम, किशोर सागर तालाब,जैसी प्रमुख जगहों पर किया गया। क्लब गत माह से संचालित अभियान में 2180 से अधिक जरूरतमंदो तक फूड पैकेट का वितरण किया जा चुका है। इस अभियान के दौरान वितरित किए गए खाने के पैकेट्स में हर दिन अलग-अलग व्यंजन शामिल किए गए, जिससे जरूरतमंद लोगों को संतुलित और पौष्टिक आहार मिल सके।

# सीएमएचओ डॉ. सामर की बड़ी कार्रवाई: त्योहारी सीजन में 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत 3000 किलो मावा जब्त

**बढ़ता राजस्थान**



**बूँदी (अनंत दाधीच) ।** आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय के निर्देशन में और जिला कलक्टर, बूँदी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीडॉ. ओ. पी. सामर ने मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत डॉ. सामर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हिण्डोली टोल नाके पर लगभग 3000 किलोग्राम मावा (खोया) जब्त किया है। डॉ. टी. शुभमंगला के मार्गदर्शन में दिनांक 04/10/2025 से यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. ओ. पी. सामर ने उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों की पालना में खाद्य सुरक्षा दल को ट्रेवल्स बसों की सघन जांच करने और मावा व अन्य खाद्य सामग्री के अवैध परिवहन को रोकने के लिए आदेशित किया था।

**बस की डिग्गी से 58 कट्टों में मिला मावा :** इन आदेशों का पालन करते हुए खाद्य सुरक्षा दल ने रविवार प्रातः 5.30 बजे हिण्डोली टोल नाके पर बस को रोका। यह बस दिल्ली से कोटा जा रही थी। दल द्वारा बस की डिग्गी को खुलवाकर जांच करने पर उसमें 58 नग (कट्टे) रखे मिले। प्रत्येक नग में लगभग 50 से 60 किलोग्राम मावा भरा हुआ था, जिसका कुल वजन लगभग 3000 किलोग्राम है। बस के ड्राइवर से जब मावे के संबंध में बिल और बिल्टी मांगी गई, तो वह कोई वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। ड्राइवर के पास केवल एक सफेद सादा कागज मिला, जिस पर के बी,एजीजी,वीयूडी,एसआईएलजी जैसे कोड लिखे हुए थे। इसके अलावा, मावे के कट्टों पर भी संदीप, श्री राम नमकीन, एन के जैसे कोड अंकित थे। ड्राइवर ने यह बताया कि उसे यह जानकारी नहीं है कि यह माल किसका है। सीएमएचओ एवं अभिहित अधिकारी डॉ. ओ. पी. सामर के आदेशों की पालना में लगभग 3000 किलोग्राम मावे को तत्काल उतार कर जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए इस समस्त मावे को अगले आदेशों तक कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखवाया गया है।

**मावा प्राप्त करने के लिए निर्देश जारी :** डॉ. ओ. पी. सामर ने बताया है कि जिन खाद्य कारोबारकर्ताओं का यह मावा है, वे अपने खाद्य लाइसेंस की प्रति और स्वयं के आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत करें। नियमानुसार फूड सैंपलिंग करवाई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर ही वे अपना माल प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही, ट्रेवल्स बस संचालक को भी नोटिस जारी किया जा रहा है कि बिना पूर्ण जानकारी और बिना बिल के खाद्य पदार्थों का परिवहन क्यों किया जा रहा था। डॉ. सामर ने स्पष्ट किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने जिले के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे आमजन को केवल शुद्ध खाद्य पदार्थ ही बेचें और अशुद्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री तुरंत बंद करें, ताकि आमजन को शुद्ध आहार मिल सके।

# आत्मा का कल्याण संयम और साधना से ही संभव : आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी

**बढ़ता राजस्थान**



**कोटा (का.स.)।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों अध्यात्म, भक्ति और आत्मचिंतन का पावन केंद्र बना हुआ है। गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी के निर्देशन एवं परम पूज्य गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी एवं आर्यिका श्री 105 विनयश्री माताजी (संघ सहित) के सान्निध्य में चल रहे 13 पिच्छियों के चातुर्मास उत्सव में श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

रविवार पथरिया (जिला दमोह) में आयोजित विशेष कार्यक्रम में कोटा से पधारे भक्तों को पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी मुनिराज (संघ सहित) का मंगल आशीर्वाद एवं सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूज्य आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी की पावन वर्षायोग समिति की ओर से आचार्य श्री को नवीन पिच्छिका प्रदान की गई। आचार्य श्री ने भी अपनी पुरानी पिच्छिका पूज्य माताजी को भेंट कर विनम्रता का भाव प्रकट किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी पूजन एवं दीपावली पूजन पुस्तिका का विमोचन भी संपन्न हुआ।

चातुर्मास समिति अध्यक्ष विनोद जैन टोरड़ी, मुख्य संयोजक रितेश जैन सेठी, महामंत्री अनिल ठोरा, मंत्री पी.के. हरसोरा, अरुण पांड्या, संजय गोधा एवं मुकेश खटोड़ सहित अनेक श्रद्धालु परिवारों ने इस अवसर पर आचार्य श्री को शास्त्र भेंट कर धर्मभावना व्यक्त की। विज्ञान नगर में प्रवचन के दौरान आर्यिका श्री विभाश्री माताजी ने कहा कि आत्मा का कल्याण संयम, साधना और सत्संग से ही संभव है। मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा को पहचानना और कर्मबंधन से मुक्त होना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं में उलझकर अपने भीतर की शांति को खो चुका है। आत्मा की पवित्रता तभी बनी रह सकती है जब विचार, वाणी और आचरण संयमित हों। साधना से आत्मा का तेज बढ़ता है और वही स्थायी आनंद देता है।

माताजी ने कहा कि धर्म का पालन केवल पूजा-विधान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षण में जागरूकता और करुणा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में अहिंसा, सत्य और दया को अपनाकर समाज में शांति और सद्भाव का संदेश फैलाएं।

कार्यक्रम में गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी, महामंत्री अनिल ठोरा, जे.के. जैन, ताराचंद बडला, अशोक सावला, राजेंद्र गौधा, अशोक कटारिया, विवेक अग्रवाल, पारसमल धनोपिया, मुकेश खटोड़ एवं रितेश सेठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामगंजमंडी में यात्रियों को जल्द मिलेगा नया यात्री प्रतीक्षालय



## ■ अंबेडकर सर्किल स्थित पुराने चुंगी नाका भवन का रूपांतरण शुरू

**बढ़ता राजस्थान**

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** नगर पालिका प्रशासन शहरवासियों और यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार विकास कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल के प्रयासों से अंबेडकर सर्किल स्थित पुराने चुंगी नाका भवन को नया स्वरूप दिया जा रहा है। इस भवन का पुनर्निर्माण कर इसे आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष मेड़तवाल के निर्देशन में भवन की प्लास्टर, रंगाई-पुताई, विद्युत व्यवस्था, लाइटिंग और बैठने की कुर्सियों का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगले पाँच दिनों में प्रतीक्षालय का पूरा कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। नए प्रतीक्षालय के निर्माण से झालावाड़, पाटन, पिपलिया, जुल्मी, भवानीमंडी और नालोदिया की ओर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब तक यात्रियों को खुले में बसों की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा होती थी। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल का यह कदम यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक और स्वागतयोग्य प्रयास है।

# शिक्षा सहकारी 696 का लाभांश वितरण शुरू

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा/बारां (नि.स.)।** शिक्षा विभाग कर्मचारी गण सरकारी सभा 696 आर0 ने वर्ष 2024-25 में 4 करोड़ 55 लाख 58 हजार 127 रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल ने बताया कि विभिन्न कोष प्रावधानों के बाद 2 करोड़ 41 लाख 79 हजार 295 रुपए का लाभांश सदस्यों में वितरित किया जाएगा। वितरण 13-14 अक्टूबर को बारां और 15-17 अक्टूबर को कोटा में प्रातः 10.30 बजे से 4.30 बजे तक होगा। जायसवाल एवं उपाध्यक्ष महेंद्र नागर ने बताया कि संचालक मंडल ईमानदारी, मितव्ययिता और सदस्य हित को प्राथमिकता देते हुए संस्था का संचालन कर रहा है। मंडल खेल-कूद, स्काउट गाइड, विद्यालय संसाधन, पर्यावरण संरक्षण, सडक़ सुरक्षा, बाल विवाह उन्मूलन, जल संरक्षण और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों को भी बढ़ावा दे रहा है। डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा स्थापना और पौधारोपण जैसी गतिविधियां संस्था की जिम्मेदारी और समाजसेवा की भावना को दर्शाती हैं।

### राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के वार्षिक अधिवेशन में बोले ऊर्जा मंत्री

# राष्ट्रधर्म को कर्म मान कार्मिक निष्ठा ईमानदारी से करें कार्य

**बढ़ता राजस्थान**



**कोटा,(विनोद गौड़)।** आज भारत दुनिया भर को अपने गुणवत्तापूर्ण विश्व स्तरीय मानकों पर खरे हथियार निर्यात कर रहा है। हमारी स्वदेशी स्पेस टेक्नोलॉजी से दुनिया भर के उपग्रह लांच किए जा रहे हैं। भारत अपने गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी और विश्वस्तरीय उत्पादों के निर्माण में विश्वशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। यह बात ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने रविवार को कोटा में भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आयोजित विश्व मानक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए कही। ऊर्जा मंत्री श्री नागर ने कहा कि हमें अपनी जीवन शैली को मानकों के आधार पर ही जीना चाहिए। जीवन के में स्टैंडर्ड बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों की प्रति सम्मान हो, अपने जीवन में कार्य की गुणवत्ता लाएं। हमारे पूर्वजों का गुणवत्ता के साथ जीवन को जीने का इतिहास रहा है। मानकों पर आधारित जीवन के द्वारा ही हम दुनिया में विश्व गुरु के पद पर सुशोभित रहे। बीच के कालखंड में विदेशियों के कारण भारत पर विपरीत प्रभाव पड़ा। आज फिर से हमें विश्व शक्ति और विश्व गुरु बनने के लिए गुणवत्तापूर्ण विश्वस्तरीय उत्पाद बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया, स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और लोकल का वॉकल का आह्वान किया है। हमें अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी के महत्व को समझना होगा। स्वदेशी को बढ़ावा देने से ही हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि गांव में जाने पर कई जगह निर्माण कार्य मानकों पर खरे नहीं दिखाई पड़ते। गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदार, कर्मचारियों, अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी चाहे बिल्डिंग, सडक़, ब्रिज हो हमें मानकों पर खरे उतरने वाले ही बनाने होंगे। गुणवत्ताहीन निर्माण राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन शताब्दियों बाद उत्तर भारत में पुनर्जीवित हुई भट्टारक परंपरा, कोटा बना ऐतिहासिक साक्षी

# भीष्म संकल्प की तरह पूर्ण करें, भट्टारक अपनी पीठ की मर्यादा और जिनशासन की रक्षा का प्रण : आचार्य प्रज्ञासागर महाराज

**बढ़ता राजस्थान**



**कोटा (का.स.)।** महावीर प्रथम स्थित प्रज्ञाअनुपम चातुर्मास में रविवार का दिन इतिहास में दर्ज हो गया, जब लगभग 300 वर्ष बाद उत्तर भारत में भट्टारक परंपरा के अंतर्गत विचारपट्ट प्रमेय सागर जी का पट्टाभिषेक कर स्वस्तिश्री अरिहंतकीर्ति भट्टारक महास्वामी नामकरण किया गया। यह आयोजन आचार्य तपोभूमि प्रणेता, व्याख्यान वाचस्पति, आचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर मुनिराज के सान्निध्य एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। विधिविधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ अरिहंतगिरि (तमिलनाडु) के भट्टारक श्री चिंतामणि धवलकीर्ति स्वामी तथा श्री क्षेत्र श्रवणबेलगोला के भट्टारक स्वस्तिश्री चारूकीर्ति महास्वामी जी के कर-कमलों से पीठारोहण एवं पट्टाभिषेक विधि सम्पन्न हुई। नवदीक्षित स्वस्तिश्री अरिहंतकीर्ति भट्टारक महास्वामी 14 अक्टूबर को समवशरण तीर्थ, भरूच की भट्टारक गद्दी पर आसीन होंगे। वे उत्तर भारत में तीर्थ संरक्षण-संवर्धन एवं जिनशासन की प्रभावना का कार्य करेंगे। दक्षिण भारत से पधारे भट्टारक धवलकीर्ति, भुवनकीर्ति, चारूकीर्ति, भानुकीर्ति, सिद्धांतकीर्ति व विचारपट्ट आनंदकीर्ति को गुरू आस्था परिवार की ओर से माला, श्रीफल, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए तथा उन्हें शास्त्र भी प्रदान किए गए। आचार्य प्रज्ञासागर जी ने अपने प्रवचन में कहा कि आज उत्तर भारत दक्षिण भारत की इस परंपरा से अलंकृत हो रहा है। हमारा यह प्रयास धर्म एवं धर्मायतनों के संरक्षण-संवर्धन में मील का पत्थर सिद्ध होगा। जैसे भीष्म पितामह ने हस्तिनापुर की रक्षा का संकल्प लिया था, वैसे ही भट्टारक अपनी पीठ की मर्यादा और जिनशासन की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि लगभग 300 वर्षों के अंतराल के बाद उत्तर भारत में भट्टारक परंपरा का आयोजन कोटा के लिए सौभाग्य का विषय है। नवदीक्षित भट्टारक स्वामी अरिहंतकीर्ति ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्होंने वर्ष 2018 में विचारपट्ट भट्टारक बनकर कर्नाटक एवं तमिलनाडु में भट्टारक धवलकीर्ति व चारूकीर्ति महास्वामी से शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2015 में आचार्य प्रज्ञासागर जी के आशीर्वाद से भट्टारक बनने का अवसर मिला।

## धौलपुर हाइवे के मत्सुरा पर अपाची बाइक और कार में भिड़ंत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी,(राजू शर्मा)।** उपखंड के धौलपुर हाईवे पर मत्सुरा गांव के पास अपाची बाइक और कार में ज़बरदस्त भिड़ंत का मामला सामने आया है। घटना में अपाची सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हुई है। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के बाद मृतक के शव को सदर पुलिस ने बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। वहीं दूसरे घायल को बाड़ी से धौलपुर और धौलपुर से आगरा रेफर किया गया। मृतक के शव का परिजनों की मौजूद में सदर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार आगरा जिले के सैया थाना क्षेत्र के कुकावर गांव निवासी 23 वर्षीय योगेंद्र पुत्र रामअवतार कुशवाह अपने साथी अनिल कुशवाहा के साथ शनिवार की शाम मत्सुरा गांव में किसानों से गोभी की खरीद करने आया था। मृतक योगेंद्र सब्जी व्यापारी था जो सब्जी की मंडी करता था। किसानों से बात करने के बाद जैसे ही वह अपनी बाइक को लेकर मत्सुरा हाईवे पर पहुंचा,सामने से आ रही कार से बाइक की जबरदस्त भिड़न्त हो गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से दोनों घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने योगेंद्र पुत्र रामवतार कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसके शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया। वही घायल अनिल को हायर सेंटर रेफर किया गया। सदर थाने के हेड कांस्टेबल देशराज सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर पुलिस ने दोनों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया था। जहां योगेंद्र की मौत होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी। रविवार को परिजनों के आने पर उनकी उपस्थिति में मृतक योगेंद्र के शव का पोस्टमार्टम कराया है। घायल अनिल का उपचार आगरा चल रहा है। हाईवे से दोनों गाडिय़ों को जप्त कर लिया गया है। कार सवाल लोग कौन थे इसकी जानकारी की जा रही है। मृतक योगेंद्र के चचेरे भाई नरेश कुमार ने बताया कि उनका भाई सब्जी का व्यापार करता था। जो खेतों से सीधी सब्जी खरीद कर मंडी भेजता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। घटना के बाद से उनके गांव में शोक छाया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन 13 अक्टूबर को



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** जयपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 13 अक्टूबर 2025 को जयपुर एक्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह प्रदर्शनी 18 अक्टूबर 2025 तक चलेगी, जिसमें आमजन को भारत के नए न्यायिक सुधारों और आपराधिक कानूनों की जानकारी दी जाएगी। धौलपुर जिले के नागरिक भी इस आयोजन में वर्चुअल माध्यम से शामिल हो सकेंगे। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जिले में कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन और जिला परिषद सभागार में विशेष स्क्रीनिंग व्यवस्था की गई है। वहीं, उपखंड स्तर पर पंचायत समिति कार्यालयों में भी वर्चुअल जुड़ाव की सुविधा रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रदर्शनी को देख सकें।

**जयपुर में होगा आयोजन, गृहमंत्री अमित शाह रहेंगे मौजूद, धौलपुर के लोग वर्चुअली जुड़ेंगे**

**ऑडियो-विजुअल और लाइव एक्टिंग से अपराध की पूरी प्रक्रिया दिखेगी :** प्रदर्शनी में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ऑडियो-विजुअल, एनिमेशन और लाइव प्ले-एक्टिंग के जरिए एक आपराधिक मामले की पूरी यात्रा दिखाई जाएगी। इसमें एफआईआर दर्ज होने से लेकर जांच, साक्ष्य, सुनवाई और अपील तक की प्रक्रिया को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। एसपी सांगवान ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देना, अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाना, और अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। इससे आम लोगों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा और अधिक मजबूत होगा। नए कानूनों में ई-साक्ष्य के माध्यम से गवाहों के बयान लेने का प्रावधान किया गया है।

## बेटी के जन्म पर मनाया उत्सव दूल्हन सा सजाया घर परिवार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रींगस सिमारला जागीर गांव में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए मंगल गीत और फूलों की बारिश कर लाडो का गृह प्रवेश करवाया गया लोग बेटी के जन्म का जश्न मनाने के लिए उन्हें बधाई दें रहें हैं इस दौरान पूरे घर को दुल्हन की तरह सजाया गया रिश्तेदारों ने दंपति और बेटी की आरती कर स्वागत किया सिमारला जागीर सरपंच कौशल्या देवी यादव ने बहू के बेटी होने पर जोरदार जश्न की तैयारी की उन्होंने बेटी को गर्भ में मारने व सडक़ किनारे छोड़ देने वालो के खिलाफ एक नजीर पेश की है दादा पूर्व सरपंच सरदार सिंह यादव ने बताया कि बेटियां किसी पर बोझ नहीं होती है लक्ष्मी स्वरुप बेटी का सभी को समान करना चाहिए सडदादी संजना देवी बुआ अंजली और तमन्ना सहित परिजनों ने भव्य स्वागत कर बेटी को घर में प्रवेश कराया इस अवसर पर बिटिया को जन्मघूटी पिलाने के लिए चार पिढियो साथ रही संज्या देवी सडदादी संजना देवी परदादी गोढी देवी बडी दादी इन्दा देवी छोटी दादी कौशल्या देवी दादी सीता देवी मां पिता रोहित कुमार यादव ने बिटिया का नाम लोगाचन्दण रखा इस दौरान कालूराम भगवान सहाय हरिनारायण छिगन लाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### एक दिन में दो जगह हुई दुर्घटना, दो बुजुर्ग घायल

# शहर में आवारा सांड और निराश्रित गोवंश बने लोगो के लिए मुसीबत

बढ़ता राजस्थान



**नागरिको की लगातार शिकायत के बाद भी पालिका प्रशासन ने साधी चुप्पी**

**बाड़ी,(राजू शर्मा)।** शहर में बेलगाम आवारा सांड और निराश्रित गोवंश अब आमजन के लिए मुसीबत बनते नजर आ रहे हैं। इनके द्वारा लगातार दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है और लोग परेशान हैं। शहर में एक ही दिन में दो जगह दुर्घटनाएं सामने आई है जिनमे दो बुजुर्ग घायल हुए है। पहला मामला मुख्य बाजार गंज दरवाजे का है। जहां आपस में भिड़ रहे दो सांडों ने जमकर उत्पात मचाया,चोराहे पर लगी एक पोहा,चाऊमीन की ढकेल को पलट दिया जिसमे दुकानदार बाल-बाल बचा। वहीं गंज दरवाजे के अंदर खाली ढकेल को लेकर आ रहे बुजुर्ग ढकेल चालक पर हमला कर दिया। घटना में घायल बुजुर्ग ढकेल वाले नत्थी कोली को आसपास के दुकानदारो ने अस्पताल में भर्ती कराया है। गंज दरवाजा पर चाऊमीन की ढकेल लगाने वाले अशरफ मनिहार पुत्र कलुआ ने बताया कि वह रोज की तरह ढकेल लगाकर लोगों को पोहा और चाउमिन दे रहा था। इस दौरान दो सांड आपस में झगड़ते हुए आये और सीधे ढकेल पर हमला बोल दिया। इस दौरान उसने और लोगो ने भाग कर जान बचाई। उसकी पूरी ढकेल पलट गई। जिसमें चाऊमीन सहित सारा सामान जमीन पर गिरकर खराब हो गया।

वही गंज दरवाजे के अंदर नमकीन की दुकान चलाने वाले मनीष अग्रवाल ने बताया कि आए दिन किसानों का इसी प्रकार बाजार में आतंक देखा जाता है। दो सांडो ने झगड़ते हुए उनकी दुकान के पास में एक बुजुर्ग ढकेल वाले पर हमला बोला है। जिसकी तबीयत ज्यादा खराब होने पर पास की दुकानदारों से अस्पताल भर्ती कराकर आए हैं। मामले को लेकर कई बार शिकायत नगर पालिका और प्रशासन से शिकायत की है लेकिन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।दूसरी दुर्घटना शहर के मलक पाड़ा मोहल्ले में हुई,जहां तीन सांडो की आपसी लड़ाई में एक बुजुर्ग घायल हो गए वही मकान के बाहर रखी स्कूटी और बाइक को भी सांडो ने तोड़ दिया। घटना में 70 वर्षीय बुजुर्ग ओमप्रकाश गर्ग घायल हुए है।

शहर में आवारा सांडों का आतंक इतना बरपा हुआ है कि कोई दिन शेष नहीं रहता जिस दिन अस्पताल में इनकी आतंक के शिकार लोग भर्ती नहीं हो लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इससे दुकानदारों के साथ शहर के नागरिकों में नगर पालिका और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है।

## मिलावट पर वार, मिठाई के नमूने लेकर 150 किलो मिठाई 50 किलो सॉस कराई नष्ट



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय्)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के हलेना कस्बे में खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा मिठाई के नमूने लेने एवं मिठाई नष्ट करने से व्यापारियों में हडकम्प मच गया। दीपावली त्यौहार पर 6/ अक्टूबर/25 से चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत के आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन मैं12/ अक्टूबर /25 को हलेना कस्बे में जोधपुर मिष्ठान भंडार, शिवम मिष्ठान भंडार ,सैनी मिष्ठान भंडार एवं सिंघल मिष्ठान भंडार में निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की गई इस दौरान सभी फर्मों से पनीर, मावा मिठाई, छेना( रसगुल्ला) एवं मावा का सैंपल लिया गया इस दौरान उनके यहां दूषित व अवधि पार मिठाइयां ,डबल ब्रेड एवं जलेबी ,इमरती व कलाकंद लगभग 150 किलो एवं 50 किलो सॉस जिसकी बोतल पर कोई लेवल या विवरण नहीं था को नष्ट कराया गया निरीक्षण एवं नमूनीकरण को देखकर अन्य कई व्यापारियों में अफ़रा- _तफ़री मच गई और कुछ लोगों ने अपनी दुकान बढ़ा दी इसलिए बाजार में मुख्य मुख्य जगह जाकर सभी व्यापारियों को साफ सुथरा एवं शुद्ध सामग्री बेचने के लिए सलाह व निर्देश दिए गए एवं व्यापारियों को दुकान खोले रखने एवं भयभीत न होने की सलाह दी गई इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार_ शर्मा व रूप सिंह एवं रोशन लाल यादव मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा दल की छापामार कार्यवाही

## 250 किलोग्राम दूषित मावा नष्ट करवाया, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खराब और दूषित पदार्थों को नष्ट करने की कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने छापा मार कार्यवाही करते हुए रविवार सुबह 5 बजे राजाखेड़ा के डिगी गांव से आई कार का पीछा कर आरएसी के पास रुकवा कर जांच की जांच की दौरान उसमें लगभग 250 किलोग्राम मावा भरा हुआ पाया गया। मौके पर मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री द्वारा जांच करवाने पाया कि मावा दूषित और बदबूदार था। इसके पश्चात मावे का नमूना लेकर ढाई सौ किलोग्राम मावे को सागर पाड़ा स्थित डंपिंग यार्ड में गड्ढा खुदवा कर नष्ट करवाया गया।

## धर्म कर्म का नहीं अपितु आसक्ति के त्याग का संदेश देता है : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान



**कामां/ भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सदा सर्वदा धर्म का पालन करना चाहिए। धर्म व परमात्मा का साथ किसी भी स्थिति में न छोड़ें।धर्म हमें कर्म या कर्तव्य का त्याग करना नहीं सिखाता उसकी आसक्ति का तो त्याग करने का संदेश अवश्य देता है।जिससे कि व्यक्ति कर्म के बंधन से मुक्त हो जाए। लौकिक कर्तव्यों को पूर्ण करते हुए पारलौकिकता के मार्ग पर आगे बढ़ सके।इसमें धर्म लौकिकता व पारलौकिकता के बीच एक अनूठे सेतु (पुल) का कार्य करता है । कर्म, भक्ति व ज्ञान का सुन्दर समन्वय स्थापित करके धर्मशील प्राणी अपने जीवन को दिव्य ,आदर्श व मर्यादित बना सकता है। उन्होंने कहा कि कर्म, भक्ति व ज्ञान के समन्वय का संदेश देती है भारतीय संस्कृति । कर्म ही पूजा है कहने की अपेक्षा कर्म भी पूजा बन सकता है ।जिस कार्य के साथ विचार ,विवेक या ज्ञान ना हो ऐसा हर कार्य पूजा कहलाने का अधिकारी नहीं हो सकता । बिना विचारे किया हुआ कर्म तो पश्चाताप,ग्लानि व शर्मिंदगी के अलावा कुछ भी प्रदान नहीं कर सकेगा। कर्म के साथ यदि ज्ञान व भक्ति का सुन्दर समन्वय स्थापित कर दिया जाए तो जहाँ एक ओर हमारा हर कर्म पूजा कहलाने का अधिकारी हो सकेगा वही हमारे जीवन का सौंदर्य निखर उठेगा । व जिस सच्चे सुख आनंद से लाख प्रयास करने के बावजूद वंचित थे उसे प्राप्त करने के अधिकारी बन जाएंगे।हमारा जीवन उच्चता, दिव्यता व महानता से भर उठेगा।अतः श्रम व श्रद्धा का अनूठा संगम स्थापित करें।

उन्होंने कहा कि संसार में कोई भी व्यक्ति रूप,धन कुल या जन्म से नहीं अपितु अपने कर्मों से महान बनता है।यदि कुल से महान होते तो रावण जैसा महान कौन होता,रूप से ही महान होते तो अष्टावक्र, भगवान गणेश जी, सुकरात जैसे व्यक्ति कभी महान न बन पाते ।कई बार हो सकता है कि वर्तमान में किसी को देखकर लगे कि इसने तो कोई महान कर्म नहीं किये तो अवश्य पूर्व में किए होंगे। अतः हमें महानता के कार्य करने चाहिए तथा स्वयं को कभी महान नहीं समझना चाहिए।

## डीग में भगवान राम लक्ष्मण के वियोग में दशरथ मरण भरत मिलाप राम लीला का किया गया मंचन

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** डीग शहर के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर के सामने आयोजित श्रीरामलीलामहोत्सव में रविवार को केवट लीला,सुमंत विलाप , दशरथ मरण एवं भरत मिलाप की लीला का वृन्दावन के कलाकारों द्वारा मंचन किया गया,जिनकी जीवंत प्रस्तुति को देख कर दर्शक भाव विभोर हो गए। श्री रामलीला महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक लक्ष्मण मंदिर के मंहत पंडित मुरारीलाल पाराशर ने बताया कि मंत्री सुमंत प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता को जंगल के समीप छोडक़र जब लौटते है रास्ते में विलाप करते है कि विधाता ने मुझको कितना भारी दुख दिया है। अब मैं अयोध्या में जाकर महाराजा दशरथ से क्या कहूंगा। मंत्री सुमंत रोते हुए अयोध्या पहुंच कर महाराज दशरथ को सारा हाल सुनाते हैं। श्रीराम की वियोग में महाराजा दशरथ अपने प्राण त्याग देते है। इस पर गुरु वशिष्ठ भरत जी अपने ननिहाल से अयोध्या वापिस बुलाते है। अयोध्या में राम, लक्ष्मण को नहीं देखकर भरत उनके बारे में पूछते हैं। घटनाक्रम की पूरी जानकारी होने पर वह अपनी मां कैकई को नाना प्रकार के वचन सुनाते हैं और पिता दशरथ का अंतिम संस्कार करते हैं। संस्कार के पश्चात वह श्रीराम को मनाने के लिए चित्रकूट प्रभु श्रीराम के पास पहुंचते हैं और उनसे वापिस अयोध्या की चलने की प्रार्थना करते हैं। भगवान राम भरत जी को समझा कर अपनी चरण पादुका देकर भरत से अयोध्या का राज्य चलाने के लिए कहते हैं। भरत जी भगवान की आज्ञा को मान करके भगवान राम की चरण पदुकाओं को अपने सिर पर रखकर अयोध्या में आते हैं और उन्हें राजगद्दी पर रखकर अयोध्या का राज्य करते हैं। लीला में भगवान श्रीराम एवं भरत जी का सुंदर मिलन को देख दर्शक भावविभोर हो गये। इस अवसर पर नगर परिषद उपसभापति मनोहर लाल शर्मा,समाजसेवी सुनील दत्त शर्मा लाला पंडित,राजू प्रधान, अनिल कुमार गुप्ता एडवोकेट,मुकेश भारद्वाज,आचार्य गणेश दत्त पाराशर, रामलीला समिति अध्यक्ष पंकज सौखिया, अक्षत सौखिया,मनोज खंडेलवाल, मीरा गोयल, पार्षद धीरज फौजदार , अधिवक्ता पंकज भूषण गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सरमथुरा में 10 दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठपः सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी, गंदगी के ढेर, बीमारियों का खतरा बढ़ा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी,(राजू शर्मा)।** सरमथुरा कस्बे में पिछले 10 दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है। सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं, जिससे मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

सफाई कर्मचारी अपने वेतन भुगतान, पीएफ (भविष्य निधि) और एसआई (राज्य बीमा) के भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल के चलते पूरे कस्बे में कचरे का अंबार लगा हुआ है। कस्बे की हर गली गंदगी से अटी पड़ी है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आने-जाने वाले लोगों को रास्ते में गंदगी की दुर्गंध से जूझना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उच्च अधिकारियों द्वारा भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्प्रिंग माउंट स्कूल दोनों वर्गों में चैंपियन

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए-संध्या गुप्ता

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय्)।** जिला ताइक्वांडो संघ के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर छात्र व छात्रा प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सुभाष नगर स्थित स्प्रिंग माउंट स्कूल के खिलाड़ी दोनों वर्गों में चैंपियन रहे। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक भरतपुर जिला ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, जयशंकर शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, सचिव एवं नेशनल रेफरी इंजीनियर पीयूष जयशंकर टाईगर, ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, स्प्रिंग माउंट स्कूल निर्देशक एवं प्रतियोगिता संयोजक संध्या गुप्ता, रानी सिंह, प्रधानाध्यापिका दीपिका गुप्ता, नेशनल चैंपियन नेहा शर्मा, नेशनल चैंपियन कृष्ण कुमार शर्मा, लवली माहौर, विशाल, दीक्षा सिंह एवं चारू शर्मा आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहे। भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा ने बताया की उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों ने स्प्रिंग माउंट स्कूल सुभाष नगर भरतपुर के विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। जिसमें ताइक्वांडो प्रतियोगिता के सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर वर्ग छात्र व छात्रा में सोनल, अवंतिका चौधरी, आख्या राजपूत, साक्ष मंगल, आस्था, अहाना, कनिष्क, मुदित पूनिया, दिविजा, लावण्या, देवांशी, गार्गी, प्रिया, कनक, प्रियांशु, कृत्विक, मुदित, योग्यता, मुस्कान अग्रवाल, पीहू, जानवी, यशस्वी, योगेश, रितु, वीर, समीर,विराज सिंह फौजदार ने पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए।

कार्यक्रम में प्रतियोगिता के संयोजक एवं स्कूल निदेशक संध्या गुप्ता ने बताया कि स्प्रिंग माउंट स्कूल सुभाष नगर में जयशंकर टाईगर शिक्षण संस्थान की नेशनल यूनिवर्सिटी चैंपियन लवली माहौर द्वारा स्कूल में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा हारने वाले को कभी हताश नहीं होना चाहिए। स्प्रिंग माउंट स्कूल की निर्देशक रानी सिंह ने विजेता खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को सकारात्मक सोच के साथ अपने अंदर आत्मविश्वास जागृत करने की आवश्यकता है। महिला खिलाडियों को खेलने का मौका देना चाहिए, क्योंकि मातृशक्ति मजबूत होगी तो आने वाली पीढियां भी खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में भरतपुर का नाम रोशन करेगी। भरतपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर में बताया कि प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भरतपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भरतपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाडियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक टाईगर क्लब अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर,भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा ने स्कूल की निर्देशक रानी सिंह एवं संध्या गुप्ता को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मंसुरी ने सुबे राजस्थान के जिम्मेदारों से खुशीसी मुलाकात की



बढ़ता राजस्थान

**भवानमंडी/सीकर(नि.स.)।** जमीयत उलेमा ए हिंद शुबे ए राजस्थान नायब सदर मौलाना मोहम्मद यूनुस, मोतमीम मदरसा निदा ए इस्लाम , मुफ्ती मोहम्मद असद कासमी, जनरल सेक्रेटरी दिनी तालीमी बोर्ड जमीअत उलेमा राजस्थान, अध्यक्ष सीकर से मुलाकात के जिला झालावाड़ नाजिम (प्रभारी)अब्दुल सलीम मंसूरी ने खुशीसी मुलाकात की।

इस दौरान मुफ्ती असद काशमी द्वारा लिखी गई 1.तरबीयत अतफाल(बच्चों के पालन पोषण की जानकारी) ,2. कुरान शरीफ की फजीलत के बारे में जानकारी,3. सफर आखिरत के बारे में जानकारी, जिसका पहला एडिशन 2017 में जारी हुआ था एवं दूसरा एडिशन 2025 में जारी हुआ। इन चारों की एक-एक किताब भेंट की गई। मंसूरी ने खुशी का इजहार करते हुए मुफ्ती कशमी साहब को मुबारकबाद पेश की।

## ठेकों के पास बैठाकर शराब पिलाने वालें 2 सेल्समैन व नशे में वाहन चलाने वाले गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**भवानमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** जिला पुलिस अधीक्षक महोदय अमित कुमार ने बताया कि नशे शराब में होकर वाहन चलाने वाले व सार्वजनिक स्थानो एवं शराब के ठेको के पास शराब पीने वाले व्यकितयो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु सभी थानाधिकारीयो को निर्देशित किया गया था इन्ही निर्देशो की पालना में पुलिस थाना भवानीमण्डी द्वारा दौराने गश्त 08 व्यक्तियो को गिरफतार किया जाकर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की गई।

पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बताया हे कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व चिंरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में रमेशचंद मीणा पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी मय जाप्त द्वारा दिनांक 11 अक्टुम्बर 2025 को संध्याकालिन गश्त के दौरान होटल, ढाबे, शराब ठेके को चैकिंग करते हुये लगातार गश्त की दौराने चेंकिग व गश्त में शराब ठेको के पास शराब पीने वाले 03 व्यक्तियो व शराब ठेको के पास शराब पिलाने वाले डिसलेरी मैदान शराब ठेका सेल्स मेंन पंकज मांडवी रोड शराब ठेका सेल्समेन यशवंत गुर्जर एवं डिसलेरी मैदान शराब ठेका संचालक अजय मीणा व नशे शराब में होकर वाहन चलाने वाले 02 व्यक्तियो को उनके कब्जे के वाहन जब्त कर उपरोक्त सभी 08 व्यक्तियो को अलग-अलग धाराओ में गिरफतार किया जाकर पाबंद करवाया गया।

## अजमेर में आकाश ऊर्जा सोलर सर्विस के नए कार्यालय का भव्य शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** नसीराबाद रोड, आदर्श नगर स्थित आकाश ऊर्जा सोलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नए कार्यालय का विधिवत शुभारंभ रविवार को प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, टाटा पावर के सीईओ सुनील कुमार शर्मा और चोयल ग्रुप के डायरेक्टर आरएस चोयल द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा कर कार्यालय का उद्घाटन किया।

समारोह में पार्षद देवेंद्र सिंह शेखावत सहित कंपनी के सेल्स हेड अमित मलिक, साइट सुपरवाइजर ऋषभ, एच-सीआरएम पूजा हिरानी, रुचिता खंडेलवाल, डिजिटल मार्केटिंग हेड प्रदीप, दीपक मेघवंशी, तुषार उपस्थित रहे।

आकाश ऊर्जा सोलर सर्विस के डायरेक्टर अमित गर्ग, नवीन शर्मा और पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। नए कार्यालय के माध्यम से अजमेर और आसपास के क्षेत्रों में सोलर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने और लोगों को सस्ती, पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा समाधान प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## जजावर रेगर समाज ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** स्थानीय रेगर समाज ने रविवार को समाज की बैठक आयोजित कर भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा योगेन्द्र श्रंगी को जिला महामंत्री एवं नैनवां ग्रामीण मंडल के पुर्व अध्यक्ष सुरेंद्र नागर को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों को समाज की ओर से फोन पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया । यह जानकारी देते हुए पूर्व सरपंच देवलाल रेगर ने बताया कि भाजपा जिला कार्यकारिणी मे क्षेत्र एवं धरातल से जुडे दोनो नेताओं को कार्यकारिणी मे स्थान मिलने से समाज मे खुशी है एवं साथ ही शीर्ष नेताओं से समाज को अपेक्षा भी हैं कि जिला कार्यकारिणी मे समाज का भी प्रतिनिधित्व हो तो संगठन को और संबल मिलेगा। उन्होने बताया कि इस आशय का भी समाज की बैठक मे प्रस्ताव पारित किया गया ।

इस मौके पर प्रांतीय रेगर महासभा के बूंदी जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल वर्मा , बाबुलाल वर्मा, समाज इकाई अध्यक्ष कन्हैयालाल रैगर , हेमराज रैगर ,, महावीर रैगर मुकेशकुमार रैगर , रमेशकुमार रैगर बबलु रैगर, बालुराम उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक ने निंबाहेड़ा में की रायशुमारी, कार्यकर्ताओं से हुए रू-ब-रू

# कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत हुई महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक, संगठन को सशक्त बनाने पर मंथन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित किए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत रविवार को सुबह 11.00 बजे पेच एरिया स्थित ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई। इस बैठक में एआईसीसी द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक सुभाषिनी यादव एवं पीसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक छोटूराम मीणा के मुख्य आतिथ्य में आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने की।



बैठक में निंबाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी ब्लाक तथा नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों,कांग्रेस मंडल अध्यक्षों,जनप्रतिनिधियो,समस्त अग्रिम संगठनों से जुड़े अध्यक्षगणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर संगठन सृजन अभियान की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत,सक्रिय व सशक्त बनाने के उपायों पर विचार विमर्श किया गया। पर्यवेक्षक दल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर संगठन की जमीनी स्थिति की जानकारी ली और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा,रीति नीति व जनसंपर्क को और अधिक सशक्त बनाने के सुझाव लिए। बैठक के प्रारंभ में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने एआईसीसी पर्यवेक्षक सुभाषिनी यादव तथा पीसीसी पर्यवेक्षक छोटूराम मीणा का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं उपर्णा पहनाकर अभिनंदन किया गया। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने अपने संबोधन में उपस्थित कांग्रेसजनों से कहा की संगठन सृजन अभियान का मूल उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना,नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और कांग्रेस पार्टी की नीति व विचारधारा को आमजन तक पहुंचाना है। इस अभियान के तहत कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व यह चाहता है कि पार्टी का बूथ लेवल का कार्यकर्ता भी जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष बनाने में अपनी राय रखें, ताकि संगठन को मजबूत एवं सर्वमान्य नेतृत्व मिल सके। इसी कड़ी में प्रत्येक कार्यकर्ता पर्यवेक्षकों को अपनी राय अवश्य दे।

चित्तौड़गढ़ जिला पर्यवेक्षक सुभाषिनी यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी नेतृत्व चाहते है कि जिले की कमान ऐसे मजबूत व्यक्ति के हाथ में जाए,जो पूरे जिले से गुटबाजी खत्म करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर चले और आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में पार्टी की स्थिति मजबूत हो। इसलिए सभी कार्यकर्ता उसी अनुसार अपनी राय दें,क्योंकि बिना आपकी राय के जिला अध्यक्ष का चयन किया जाना संभव नहीं है।

इस अवसर पर छोटीसादड़ी की पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमति फातेमा बोहरा,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख,विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गोपाल जाट,नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी,छोटीसादड़ी ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश जाट,भोपराज़ टांक,मनोहर सिंह मीणा,रामगोपाल वैष्णव,सचिव नुसरत खान,आईदान गड़वी,पूर्व प्रधान प्रहलाद जटिया,पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अच्छू खान एवं भाट खेड़ी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जगदीश धाकड़,पूर्व क्रेता व्यापार संघ अध्यक्ष बाबूलाल आंजना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन,जनप्रतिनिधिण,अग्रिम संगठनों से जुड़े पदाधिकारी, नगर महिला कांग्रेस की महिला पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे ।

## दीपावली 20 को मनाई जाएगी, स्थिर लग्न में होगा लक्ष्मी पूजन

### ज्योतिषाचार्य पं. मदन लाल सिखवाल ने बताया अमावस्या तिथि के भ्रम से बचें, प्रदोषकाल रहेगा पूजन के लिए श्रेष्ठ समय

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष दीपावली का महापर्व 20 अक्टूबर, सोमवार को मनाया जाएगा। पंचांग गणना के अनुसार यह दिन कार्तिक अमावस्या तिथि का रहेगा, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। ज्योतिषाचार्य पंडित मदन लाल सिखवाल के अनुसार, इस वर्ष दीपावली के पर्व को लेकर लोगों में कुछ भ्रांति बनी हुई है। क्योंकि 20 अक्टूबर 2025 को कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक रहेगी, जिसके बाद अमावस्या तिथि प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर की शाम 5 बजकर 55 मिनट तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार दीपावली पर्व उसी दिन मनाया जाता है जब प्रदोषकाल में अमावस्या तिथि व्याप्त हो। उन्होंने बताया कि यद्यपि कुछ पंचांगों के अनुसार पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल जैसे क्षेत्रों में सूर्यास्त के समय अमावस्या तिथि समाप्त होने की स्थिति बनती है, परंतु शास्त्रीय दृष्टि से दीपावली का महापर्व 20 अक्टूबर को ही मनाना उचित है।पंडित सिखवाल ने स्पष्ट किया कि महालक्ष्मी आगमन निषिद्ध काल में होता है, किंतु कर्मकाल अर्थात पूजन, दीपदान और श्रद्धा अर्पण का श्रेष्ठ समय प्रदोषकाल ही माना गया है। अतः लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर को संध्या 5.40 बजे से 7.50 बजे तक रहेगा। इस दौरान वृषभ लग्न का योग बन रहा है, जिसे स्थिर लग्न कहा गया है — यह दीर्घकालिक सुख, समृद्धि और स्थायी लक्ष्मी प्राप्ति का प्रतीक है।ज्योतिषीय दृष्टि से इस दिन सूर्य और चंद्रमा का संयोग तुला राशि में होता है, जो नव ऊर्जा, आत्मबल और मानसिक शुद्धि का द्योतक है। शुक्र ग्रह की प्रधानता इस समय विशेष रूप से रहती है, जो धन, वैभव और ऐश्वर्य का कारक माना गया है।



पंडित सिखवाल का कहना है कि दीप जलाना केवल परंपरा नहीं, बल्कि यह सूर्य की नीचस्थ स्थिति में अग्नि तत्व को सशक्त करने का ज्योतिषीय उपाय भी है। यह अमावस्या की अंधेरी रात में आत्मा के भीतर का अंधकार मिटाने का प्रतीक है। ज्योतिषाचार्यों का संदेश है कि दीपावली पर न केवल घरों में, बल्कि हृदय में भी दीप जलाएं।

## राजकीय उ.प्रा. विद्यालय बामनदेवरिया के नवीन भवन का किया शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान


**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखण्ड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बामनदेवरिया स्कूल के नवीन भवन का किया शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम विधायक कालूराम मेघवाल द्वारा संपन्न किया गया। नवीन भवन बनेगा 98.9 लाख की लागत से बनेगा ग्रामीण क्षेत्र के नन्हे छात्र छात्राओं को मिलेगा लाभ ग्रामीण जन कई दिनों से कर रहे थे मांग,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल रहे।सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती की पूजा अर्चना कर एवं की गई मंच का संचालन ओम प्रकाश शर्मा ने किया,कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल ने विद्यालय के बच्चों और ग्रामीणों को संबोधन के माध्यम से बच्चों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी विद्यालय से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद कुमार जी जैन, उन्हेल मंडल अध्यक्ष हेमराज सिंह बना, चौमहला मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी, जिला उपाध्यक्ष जगदीश भावसार, जिला मंत्री करणसिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गौतम जैन , शंकर सिंह , पूर्व मंडल अध्यक्ष सुल्तान सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य देवीसिंह चौहान,सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने ख्वाजा साहब की दरगाह में की जियारत

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने जियारत की। इस अवसर पर उन्होंने दरगाह में मखमली चादर और फूल चढ़ाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। शाहनवाज हुसैन ने दरगाह में बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की जीत के लिए विशेष दुआ मांगी।

दरग़ाह के ख़ादिम शेखजादा दौलत अली चिश्ती ने ज़ियारत कराई और दस्तारबंदी कर दरगाह शरीफ का तबरुक दिया।



दरगाह में जियारत के बाद मीडिया से बातचीत में सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, ख्वाजा साहब की दरगाह आस्था और एकता का प्रतीक है। मैंने यहां बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी और हमारे गठबंधन की जीत के लिए दुआ मांगी है। ख्वाजा साहब का आशीर्वाद हमेशा देश और समाज की बेहतरी के लिए रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की जनता इस बार भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर भरोसा जताएगी और विकास के रास्ते पर चलते हुए बीजेपी को प्रचंड जीत दिलाएगी।

सैयद शाहनवाज हुसैन ने दरगाह में करीब आधे घंटे तक समय बिताया और ख्वाजा साहब की मजार पर माथा टेका। । इस दौरान उन्होंने दरगाह के खादिम सैयद अब्दुल बारी के परिजन सैयद वशिम चिश्ती से मुलाकात कर शौक व्यक्त किया । उसके बाद सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के जीवन व उनके संदेशों पर चर्चा की। शाहनवाज ने कहा कि ख्वाजा साहब का संदेश प्रेम, भाईचारा और इंसानियत का है, जो आज भी समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सैयद शाहनवाज हुसैन, जो पार्टी के प्रमुख रणनीतिकारों में से एक हैं, बिहार में सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। उनकी इस जियारत को राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि ख्वाजा साहब की दरगाह न केवल मुस्लिम समुदाय बल्कि सभी धर्मों के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है।

इस मौके पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने भी सैयद शाहनवाज हुसैन का स्वागत किया। दरगाह में उनकी मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि बीजेपी सभी समुदायों के बीच समन्वय और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। शाहनवाज ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार एक बार फिर विकास, समृद्धि और एकता के लिए काम करेगी।

### अरुणा रॉय सूचना का अधिकार आंदोलन की धरती से शुरू हुआ नया

# 'ब्यावर से जागी नई आवाज़: डीपीडीपीए के खिलाफ आरटीआई बचाने का जन आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सूचना के अधिकार आंदोलन की जन्मभूमि ब्यावर से आज फिर एक नई आवाज़ उठी। सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई) की सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आयोजित 'सूचना का अधिकार संग्रहालय के उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए डीपीडीपीए कानून के तहत आरटीआई के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ये संशोधन सत्ता में जवाबदेही और पारदर्शिता की आत्मा पर हमला हैं, और इन्हें हर हाल में वापस लिया जाना चाहिए।

पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. पी. शाह *ने कहा कि आरटीआई कानून जनता के संघर्ष से जन्मा है और यह सत्ता के बंद बक्से खोलने की चाबी है। डीपीडीपीए कानून इस चाबी को जनता से दूर करने का प्रयास है। ब्यावर में बन रहा 'सूचना का अधिकार संग्रहालय दुनिया का पहला ऐसा प्रयास है जो जनता के संघर्षों और पारदर्शिता की विरासत को संजोएगा।

देश के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त वज़ाहत हबीबुल्लाह ने कहा कि सूचना का अधिकार जनता और शासन के बीच संबंध बदलने वाला कानून है। सत्ता इसे सीमित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन इसकी रक्षा की जिम्मेदारी भी जनता पर ही है।





निखिल डे, मजदूर किसान शक्ति संगठन से, ने बताया कि सूचना का अधिकार मिलने के बाद भी जवाबदेही कानून की लंबी लड़ाई जारी है। राजस्थान में एक दशक से इसका आंदोलन जारी है और वे सत्ता प्रतिष्ठान से जवाबदेही लेकर रहेंगे।

रामप्रसाद कुमावत, निरंतर के संपादक, ने कहा कि आरटीआई को प्रभावी बनाए रखने के लिए जनता की सतर्कता जरूरी है। उन्होंने ब्यावर को 'आरटीआई सिटी बनाने की अपील की और सभी से अनुरोध किया कि पत्रों और दस्तावेज़ों पर इसका नाम अंकित करें।

कविता श्रीवास्तव, पीयूसीएलकी राष्ट्रीय अध्यक्ष, ने कहा कि सूचना का अधिकार केवल पारदर्शिता का साधन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रीढ़ है। डीपीडीपीए कानून के ज़रिए इसे कमजोर करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन जनता का जन्मसिद्ध अधिकार छिनने नहीं दिया जाएगा।

सोशल अकाउंटेबिलिटी फोरम की निदेशक रक्षित स्वामी ने बताया कि आरटीआई अब जवाबदेही कानून के साथ जुड़कर और मजबूत होना चाहिए, ताकि जनता न केवल जानकारी पाए बल्कि कार्रवाई सुनिश्चित हो।

मेले में 15 कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनमें लोगों ने सक्रिय भागीदारी की। इसके अलावा, मैं नहीं मांगा और जानने का हक जैसे जनगीतों ने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया।

ब्यावर के इस मेले ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सूचना का अधिकार जनता का अधिकार है और इसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

## दीपावली पर 15 हजार से अधिक घर होंगे रोशन

# जयपुर डिस्कॉम की घरेलू कनेक्शन जारी करने की युद्धस्तर पर तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम ने घरेलू कनेक्शन चाहने वाले आवेदकों को दीपावली से पूर्व कनेक्शन जारी करने की विशेष तैयारी कर ली है।दीवाली से पूर्व निगम के सभी 18 सर्किलों में निगम स्तर लंबित सभी ऐसे 15 हजार 704 घरेलू कनेक्शन जारी किए जाएंगे, जिनमें डिमांड नोट जारी किए जा चुके हैं।इसके लिए सब डिविजन स्तर तक आवश्यक मैटेरियल उपलब्ध कराया जा चुका है।इन आवेदकों की दीवाली दीए के साथ-साथ बिजली से भी रोशन होगी।

डिस्कॉम प्रबंधन ने निगम के अधीक्षण अभियन्ताओं (ओ एण्ड एम) को निगम के स्तर पर लम्बित सभी सर्विस लाइन कनेक्शन शीघ्रता से जारी करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधीक्षण अभियन्ताओं को दीपावली तक कनेक्शन जारी करने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा प्रतिदिन मॉनीटरिंग के लिए कहा गया है।उन्हें अपने क्षेत्राधिकार वाले सभी सहायक अभियंताओं को यह निर्देशित करने के लिए कहा गया है कि साइट वेरिफिकेशन तथा डिमाण्ड नोट जारी करने के काम में गति लाई जाए।जिन फीडर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारम्भ हो गया है वहां नए कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं। मैटेरियल विंग को भी निर्देश दिए गए हैं कि भण्डार में मीटर एवं केबल सहित सभी आवश्यक लाइन मैटेरियल की मांग के अनुरूप



तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराएं ताकि कनेक्शन चाहने वाले आवेदक दीपावली जगमग रोशनी के साथ मना सकें। इस प्रकार निगम के सभी 18 सर्किलों में से अलवर में 2,234, भरतपुर में 2,120, दौसा में 548, जयपुर सिटी सर्किल नॉर्थ में 158, जयपुर जिला सर्किल नॉर्थ में 783, झालावाड़ में 408, कोटा में 354, सवाई माधोपुर में 475, धौलपुर में 1283, बारां में 571, बूंदी में 262, करौली में 898, टोंक में 734, जयपुर सिटी सर्किल साउथ में 44, जयपुर जिला सर्किल साउथ में 1645, भिवाड़ी में 1164, कोटपूतली में 985 तथा डीग सर्किल में 1083 कनेक्शन जारी किए जाएंगे।

## कटारिया बोले- हवाई-जहाज से आता है,वो लोकतंत्र को नहीं समझता

# लोकतंत्र का सबसे खराब पक्ष है कि हम ट्रांसफर के चक्कर में पड़ गए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि कई बार विधानसभा में दिए गए भाषण रिकॉर्ड पर आ जाते हैं, लेकिन जब हम उन्हें ईमानदारी से पढ़ते हैं तो हमें स्वयं को यह सोचकर झटका लगता है कि हमें ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए था।

कटारिया ने कहा कि हमें आलोचना करने का अधिकार है, लेकिन शब्दों के प्रयोग में कंजूसी लोकतंत्र को कलंकित करती है। हमें शब्दों का सोच-समझकर इस्तेमाल करना चाहिए। गुलाबचंद कटारिया ने यह बात भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया की पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कही। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि पता नहीं कब हम लोग विधानसभा के फ्लोर से ज्यादा महत्व ट्रांसफर के काम को देने लगे। उन्होंने कहा कि मेरे इतने लंबे कार्यकाल में मुझे लोकतंत्र का सबसे खराब पक्ष कोई नजर आया तो वह यह है कि हम लोगों ने ट्रांसफर को प्राथमिकता दे दी।



### ट्रांसफर के चक्कर में पड़ गए

जब विधानसभा चल रही होती है और हम किसी ना किसी के ट्रांसफर कराने के लिए कागज लेकर सचिवालय में घूम रहे होते हैं, तो क्या हम लोकतंत्र का सम्मान कर रहे हैं? क्या हम उस जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसने हमें लोकतंत्र के मंदिर में भेजा है? यह देखकर बहुत कष्ट होता है।

### कितनी भी हेकड़ी कर लो, क्या कर लोगे

गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि जनता चाहेगी तो आप आएंगे, नहीं चाहेगी तो नहीं आ पाएंगे। आप कितनी भी हेकड़ी कर लें, कुछ नहीं कर पाएंगे। जनता यह नहीं सोचती कि किसने उसके लिए क्या किया। वह आपके गुण और अवगुणों को देखती है। ऐसा नहीं है कि बिना गुण-अवगुण देखे भेज दे, कुछ पांच-दस प्रतिशत गड़बड़ हो सकती है, लेकिन इससे ज्यादा नहीं चलता है। पूनिया की किताब के विमोचन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी शामिल हुए। जुली ने कहा कि वे विशेष रूप से इसलिए भी आए हैं क्योंकि उन्हें आज तक यह पता नहीं चला कि हरियाणा चुनाव वे कैसे हार गए। यह बात भी उन्हें आपसे जाननी है, आज नहीं तो किसी दिन अलग से आएंगे।

# यूपीए सरकार में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आरटीआई लागू किया गया अशोक गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सूचना के अधिकार को लेकर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज सूचना का अधिकार कानून (RTI) को लागू हुए 20 साल पूरे हो रहे हैं।UPA सरकार के दौरान प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एवं UPA चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से RTI लागू किया गया।RTI ने नागरिकों को मजबूत किया एवं भ्रष्टाचार के कई मामले सामने भी आए। अरुणा रॉय एवं अन्य साथियों द्वारा RTI का आंदोलन राजस्थान से शुरू किया गया था और राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने सन 2000 में सूचना का अधिकार लागू करने की पहल की।UPA सरकार के दौरान इसे एक्ट बनाकर पूरे देश में लागू करने का श्रेय प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एवं UPA चेयरपर्सन सोनिया गांधी को जाता है। RTI अपने आप



में एक विशेष प्रकृति का कानून था जिसकी प्रशंसा पूरे विश्व में हुई।इस कानून ने देश के नागरिकों को सरकारी सूचनाओं की आसानी से प्राप्ति का अधिकार दिया।इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा और सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी। यह बेहद चिंताजनक है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में RTI को लगातार कमजोर किया गया है।2019 में सूचना आयुक्त की शक्तियां कम की गईं।वर्तमान में केन्द्रीय सूचना आयोग में प्रमुख सूचना आयुक्त समेत 9 पद रिक्त हैं एवं केवल 2 सूचना आयुक्त नियुक्त हैं।डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम के नाम पर RTI में जानकारी छिपाई जा रही हैं।

# स्कूल के बाथरूम में 7 साल की मासूम से दुष्कर्म, स्कूल स्टाफ ने आरोपी को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** देश में मानसिक विकृति किस स्तर पर पहुंच गई है। एक बार फिर इसका शर्मनाक चेहरा राजस्थान की राजधानी जयपुर से आया है। यहां एक स्कूल में टॉयलेट में बैठे बदमाश ने 7 साल की बच्ची से रेप किया। पुलिस ने बताया कि 7 साल की बच्ची प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है। सुबह करीब 10 बजे बच्ची टॉयलेट में गई। इस दौरान पता चला है कि टॉयलेट में छिपकर बैठा था, बच्ची के आने पर उसने उसे पकड़ लिया। इसके बाद डरा-धमकाकर बच्ची के साथ छेड़छाड़ व गंदी हरकत की। जानकारी मिली है कि आरोपी बदमाश स्कूल की दीवार कूदकर घुसा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बच्ची ने घटना के बारे में क्लास टीचर को जानकारी दी,



जिसके बाद स्कूल प्रबंधन के बीच हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रबंधन ने बच्ची के परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित नाबालिग बच्ची के पिता ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तुरंत एक्शन लिया। घटना के आरोपी को खोजने के लिए पुलिस ने एक टीम गठित की और खोजबीन शुरू कर दी।

# ममता बोलीं- लड़कियों को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए।

उन्होंने कहा– इस घटना की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की है। निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी को बख्शा नहीं जाएगा, तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दरअसल, दुर्गापुर रेप केस पर भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है।



पश्चिम बंगाल की प्रदेश सचिव और आसनसोल दक्षिण से विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि हम बड़े भाग्यशाली हैं कि अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार है और बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार है। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। वारदात शुक्रवार की है। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम रविवार को दुर्गापुर जा रही है।

## विमेंस वर्ल्ड कप में भारत की लगातार दूसरी हार

# डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से हराया, कप्तान एलिसा हीली का शतक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में मेजबान भारत को लगातार दूसरी हार मिली है। साउथ अफ्रीका के बाद इंडिया विमेंस को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में रविवार को भारत ने 330 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 49 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान एलिसा हीली ने 142 रन की मैच विनिंग पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। एलिस पेरी ने आखिर में 47 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। गेंदबाजी में एनाबेल सदरलैंड ने महज 40 रन देकर 5 विकेट लिए। भारत से स्मृति मंधाना ने 80 और प्रतिका रावल ने 75 रन बनाए। श्री चरणी को 3 विकेट मिले। दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर ने 2-2 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस वनडे इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया। टीम ने श्रीलंका का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 305 रन बनाए थे। यह भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा रन चेज रहा। पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची ऑस्ट्रेलिया भारत को हराकर ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम वर्ल्ड कप के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। टीम के 4 मैचों में 3 जीत और एक बेनतीजा मैच से 7 पॉइंट्स हो गए। 6 पॉइंट्स के साथ इंग्लैंड दूसरे नंबर पर है। भारत और साउथ अफ्रीका के 4-4 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण मेजबान टीम तीसरे नंबर पर है।

आखिरी 2 ओवर में ऑस्ट्रेलिया को 13 रन चाहिए थे। स्नेह राणा 49वां ओवर फेंकने आईं। उन्होंने शुरुआती 5 गेंदों पर 7 रन दे




दिए। आखिरी गेंद पर एलिस पेरी ने आगे निकलकर छक्का लगाया और टीम को 3 विकेट से करीबी जीत दिला दी। पेरी ने 52 गेंद पर 47 रन की पारी खेली।

एलिस पेरी 16 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गई थीं। वे 6 विकेट गिरने के बाद फिर बैटिंग करने उतरीं। लोअर ऑर्डर बैटर्स के साथ पारी संभाली और टीम को 6 गेंद बाकी रहते हुए जीत दिला दी। अमनजोत को दूसरा विकेट 46वें ओवर में भारत ने 7वां विकेट लिया। ओवर की पहली बॉल अमनजोत कौर ने गुड लेंथ पर स्टंप्स की ओर फेंकी। गेंद सोफी मोलेनिक्स के पैड्स पर लगी, भारत ने LBW की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। वे 18 रन बनाकर आउट हुईं। अमनजोत ने एश्ले गार्डनर को भी बोल्ड किया था। ममता बोलीं- लड़कियों को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए:पश्चिम बंगाल रेप केस पर कहा- प्राइवेट कॉलेज छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए।

उन्होंने कहा– इस घटना की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की है। निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी को बख्शा नहीं जाएगा, तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल, दुर्गापुर रेप केस पर भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।